रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/94

REGISTERED NO. DL—33001/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 40] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 1, 1994 (आश्विन 9, 1916)

No. 40] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 1, 1994 (ASVINA 9, 1916)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिवत् नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	761
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	905
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1775
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों जिनमें (सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होने हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	927
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	863
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	4043
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	135
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाला अनुपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए

1—261G1/94

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	761
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	905
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1775
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	927
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	863
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	4043
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies.	135
PART V—Supplement showing statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर 1994

सं० 147(1)–प्रेज 94—राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री गौरीमलैय्याह,
पुलिस रिजर्व उप-निरीक्षक,
आर्म्ड रिजर्व,
करीमनगर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 26 सितम्बर, 1992 को सूचना प्राप्त हुई कि पी० डब्ल्यू० जी० के सशस्त्र नक्सलवादी, अच्चमपल्ली, थाना–वीना–वांका, जिला–करीमनगर में शरण लिए हुए हैं । श्री जी० मलैय्याह, रिजर्व उप-निरीक्षक ने तत्काल पुलिस कार्मिकों को एकत्र किया और नक्सलवादियों के छिपने के ठिकाने की ओर चल पड़े । पुलिस कार्मिकों को अनेक टुकड़ियों में विभाजित किया गया । श्री मलैय्याह अपने अन्य साथियों के साथ उस मकान की तरफ गए तो उग्रवादियों ने पुलिस कार्मिकों पर अपने स्वचालित शस्त्रों से गोलियां चलायीं । मलैय्याह तथा अन्यों ने आत्म-रक्षा में जवाबी गोलियां चलाई । गोली लगने से कुछ उग्रवादी जख्मी हो गए, जो कि घातक सिद्ध हुई । इस बीच उग्रवादियों ने दो हथगोले फैंके । एक हथगोला श्री मलैय्याह और उनके दल से कुछेक मीटर की दूरी पर फटा जबकि दूसरा, उनके बिल्कुल समीप गिरा लेकिन सौभाग्य से फटा नहीं । इसके बावजूद पुलिस दल विचलित नहीं हुआ और उन्होंने लगातार नक्सलवादियों को उलझाये रखा । इस पर, नक्सलवादी गोलियां चलाते हुए, चुपके से घर से बाहर निकल आये और समीप की झाड़ियों, शिलाखंडों, मक्का के खेतों की आड़ ले ली । वहां से नक्सलवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाना जारी रखा । नक्सलवादी पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलाते हुए अपनी पोजीशन बदलते जा रहे थे । श्री मलैय्याह ने भी अपनी पोजीशन बदली और नक्सलवादियों को उलझाए रखा । लगभग 3½ घंटे तक दोनों तरफ से गोली-बारी होती रही । इस मुठभेड़ के दौरान श्री मलैय्याह ने अपनी ए० के०–47 राईफल से 246 गोलियां चलाई ।

तलाशी के दौरान, उग्रवादियों की नौ लाशें बरामद हुई । मुठभेड़ स्थल से दो ए० के०–47 राइफलें, एक .303 राइफल, एक 8 मि० मी० राइफल, .12 बोर की 3 डी० बी० बी० एल० बन्दूकें, 9 हथगोले तथा भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री गौरी मलैय्याह, रिजर्व उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 सितम्बर, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 148–प्रेज 94—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी, को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री मोहित सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
जिला भभुआ,
बिहार ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

17/18 सितम्बर, 1991 को श्री ए० इन्दवार, पुलिस उपाधीक्षक, कैमूर, को यह सूचना मिली कि कट्टर अपराधी,

महेन्द्र चमार और उसका गिरोह (अरविन्द कुमार तिवारी नामक अपहृत लड़के सहित जिसकी थाना चनपुर में दर्ज मामला संख्या 88/91, दिनांक 14-9-91 में तलाश थी, थाना दुर्गावती, जिला भभुआ, के अन्तर्गत गांव मौजा नई बस्ती के किसी घर में छिपे हुए हैं। इस सूचना के प्राप्त होने पर, श्री इन्दवार ने 75 सदस्यों वाले एक बड़े पुलिस दल का गठन किया, उसको कई दलों में विभाजित करके गांव को सभी ओर से घेर लिया। तब उन्होंने उस घर का दरवाजा खटखटाया जहां अपहरणकर्त्ता छिपे हुए थे और उन्हें पुलिस दल के समक्ष आत्मसमर्पण कर देने की चेतावनी दी। तथापि, अपहरण कर्ताओं ने आत्मसमर्पण करने की बजाए पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं और एक पुलिस कर्मी को घायल कर दिया। श्री इन्दवार ने भी अपने कर्मियों को जवाब में गोली चलाने का आदेश दिया। अपहरणकर्त्ताओं ने खेतों की ओर भागना शुरू किया। भागते समय उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलाना जारी रखा।

पुलिस उपाधीक्षक ने निरीक्षक शिव शंकर राय, उप-निरीक्षकों बच्चा सिंह और राजकुमार सहित भागते हुए अपराधियों का पीछा किया। 5 से 7 कि० मी० तक पीछा करने के बाद पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व वाला पुलिस दल गांव भभुआरा के निकट पहुंच गया जहां उन्होंने हाजरा पुल तक जाने के लिए एक बस को रोका ताकि भागते हुए उग्रवादियों का पीछा किया जा सके। करीब 10.30 बजे पूर्वाह्न पुल के करीब पहुंचने पर पुलिस उपाधीक्षक ने चांद, चेनपुर, और भभुआ थानों से अतिरिक्त कुमुक बुलाने के लिए संदेश भी भेज दिया। 20 मिनट के बाद पुलिस उपाधीक्षक ने अपराधियों को पुल की ओर आते देखा। पुलिस बल ने तुरन्त मोर्चा सम्भाल लिया और अपनी ओर आते हुए अपराधियों की ओर निशाना तान लिया, जिससे अपराधी अपना रास्ता बदलने के लिए मजबूर हो गए और उन्होंने कैमूर पहाड़ी के दक्षिण की ओर भागना शुरू कर दिया। तब तक, निरीक्षक उमा नाथ पाण्डे, उप-निरीक्षक राम कृपाल शर्मा अपने बलों सहित घटनास्थल पर पहुंच गए। दोनों ओर से एक बार फिर गोलीबारी हुई। उप-निरीक्षक राम कृपाल शर्मा, प्रभारी अधिकारी, ने भागते हुए अपराधियों का पीछा करना जारी रखा और एक अपराधी को गोली मार कर गिरा दिया। अपराधियों ने स्वयं को पुलिस के घेरे में देखा तो धान के खेतों में गायब हो गए। पुलिस दल गोलियां चलाते हुए चलते रहे और उन्हें दो अपराधियों के शव मिले। उप-निरीक्षक राम कृपाल शर्मा अपने दल सहित आगे बढ़ते गए तो बांस की झाड़ियों में से उन पर गोलियां चलाई गई। पुलिस दल द्वारा जवाबी गोलीबारी की गई। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में, पुलिस ने महेन्द्र चमार, गिरोह के सरदार को तो मार डाला परन्तु कांस्टेबल मोहित सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए। साथ ही हवलदार केदार सिंह जख्मी हो गए। इस बीच उप-निरीक्षक राम कृपाल शर्मा, पुरूषोत्तम सिंह, मुरारी प्रसाद अपने बल सहित अन्य अपराधियों पर गोलियां चलाते रहे। पुलिस उपाधीक्षक ने भी अपने दल को इन अपराधियों पर गोली चलाने का आदेश दिया। दोनों ओर से करीब आधे घंटे तक गोलीबारी होती रही पर उसके बाद दूसरी ओर से गोली की आवाज सुनाई नहीं दी। पुलिस ने जब क्षेत्र की तलाशी ली तो चार और अपराधियों के शव पाए गए।

पुलिस ने सर्विस रिवाल्वरों से कुल मिलाकर 25 राउण्ड, राईफलों से 455 राउण्ड चलाए तथा अपराधियों द्वारा लगभग 1000 राउण्ड चलाए गए। इस मुठभेड़ में पुलिस ने 9 अपराधियों का सफाया किया जबकि एक अपराधी बचकर भाग निकला। कांस्टेबल मोहित सिंह ने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया जबकि हवलदार केदार सिंह और कांस्टेबल सिंहासन चौधरी घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस दल ने श्री अरविन्द तिवारी को अपहरण कर्त्ताओं के चंगुल से छुड़ाने में सफलता प्राप्त की। घटनास्थल से .315 बोर की पांच राईफलें दो डी० बी० बी० एन० बन्दूकें, एक देशी और बंदूक बड़ी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री मोहित सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17-9-1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 149-प्रेज 94—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री प्रमोद कुमार मिश्रा, (मरणोपरान्त)
पुलिस, उप-निरीक्षक,
जिला छतरा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

12 अक्तूबर, 1992 को लगभग 1500 बजे, छतरा जिला के कुंडा पुलिस स्टेशन के कार्यालय अधिकारी, उप-निरीक्षक, श्री पी० के० मिश्रा, पुलिस स्टेशन के समीप

सोम बाजार (हाट) में नक्सलवादियों के बारे में सूचना एकत्र कर रहे थे। उनके साथ सहायक उप-निरीक्षक राज किशोर सिंह भी थे और दोनों ही सादा कपड़ों में और बिना हथियारों के थे।

उसी समय, उन्हें पता चला कि कुछ आक्रमणकारियों ने बाजार के दक्षिणी छोर पर कुछ लोगों पर हमला किया। श्री मिश्रा सादा कपड़ों में और बिना हथियारों के थे, लेकिन वे तुरंत घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति (नामतः नरेश सिंह) जमीन पर पड़ा हुआ है और दूसरा व्यक्ति उसकी छाती पर मार रहा था और उसकी गर्दन काट रहा था। श्री लखन सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति, नरेश सिंह को, आक्रमणकारी पर अपनी लाठी से हमला करके, हमलावर के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास कर रहा था। नजदीक खड़े एक दूसरे आक्रमणकारी ने लखन सिंह पर गोली चलायी जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य आक्रमणकारी ने जमीन पर पड़े हुए नरेश सिंह की पीठ में गोली मारकर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया और फिर उन्होंने नरेश सिंह और लखन सिंह की गर्दन को काटना शुरू कर दिया। उसी क्षण श्री प्रमोद कुमार मिश्रा, उप-निरीक्षक, जो निहत्थे थे, एक सशस्त्र हमलावर पर छलांग लगाई जो एक व्यक्ति की गर्दन काटने की कोशिश कर रहा था, और उसे दबोच लिया तथा उसकी भुजाली छीन डाली। पास खड़े दूसरे आक्रमणकारी ने श्री मिश्रा पर गोली चलायी और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

सहायक उप-निरीक्षक राज किशोर सिंह जिनके साथ उप-निरीक्षक मिश्रा थे, कुमुक बुलाने के लिए तत्काल पुलिस स्टेशन गए और वापिस घटनास्थल पर आए और जवाबी गोलियां चलाई तथा भाग रहे उग्रवादियों का पीछा किया जो पास के घने जंगल में छिप गए।

वापस आने पर, पुलिस दल ने वहां से तीन लाशें बरामद की जोकि मांझी पाड़ा गांव के श्री नरेश सिंह तथा लखन सिंह और श्री पी० के० मिश्रा उप-निरीक्षक की थी।

श्री मिश्रा ने निहत्थे होने के बावजूद घटनास्थल पर जाने के लिए विलक्षण साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सशस्त्र हमलावर को दबोच लिया और पुलिस बल की सच्ची परम्पराओं के निर्वहन के लिए अपना बहुमूल्य जीवन न्यौछावर कर दिया।

इस मुठभेड़ में श्री प्रमोद कुमार मिश्रा, पुलिस उप-निरीक्षक ने अदम्य साहस, वीरता और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 अक्तूबर, 1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 150 –प्रेस/94—राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री संजय कुंडु,
भारतीय पुलिस सेवा सहायक,
पुलिस अधीक्षक,
डबवाली,
जिला—सिरसा।

श्री मोहिंदर सिंह,
सहायक पुलिस उप-निरीक्षक,
कलांवाली,
जिला—सिरसा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 21 फरवरी, 1993 को लगभग 12.00 बजे दोपहर को सूचना प्राप्त हुई कि दो आतंकवादी भारी मात्रा में शस्त्रों से लैस, सुरजीत सिंह उर्फ सीता सिंह निवासी–ग्राम फुल्लो के सरसों के खेत में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही, श्री कुंडु, श्री मोहिन्दर सिंह, सहायक उप-निरीक्षक सहित उपलब्ध बल के साथ तत्काल घटनास्थल की ओर चल पड़े और उस सरसों के खेत को चारों तरफ से घेर लिया जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे। आतंकवादियों ने, जो भारी मात्रा में गोलाबारूद सहित बहुत अधिक हथियारों से लैस थे, दो ए० के०–47 असाल्ट राईफलों से, पुलिस दल पर गोलियां चलायी। श्री मोहिन्दर सिंह सहित, श्री कुंडु के नेतृत्व में पुलिस दल ने जवाब में गोलियां चलाईं; किन्तु इसका कोई लाभ नहीं हुआ। श्री कुंडु छापा मारने वाले दल के साथ एक बुलेटप्रूफ ट्रैक्टर में बैठकर सरसों के खेत में गए और सीधे उस जगह की ओर गए जहां पर आतंकवादी छिपे हुए थे। आतंकवादियों ने ट्रैक्टर की तरफ गोलियां चलायी। श्री कुंडु ने खिड़की खोली और अपनी ए० के०–47 बाहर निकाली, लेकिन खतरा महसूस करने पर आतंकवादियों ने अपनी ए० के०–47 से खिड़की की तरफ गोलियों की बौछार कर दी। कुछ छर्रे श्री कुंडु के दायें हाथ में लगे। एक आतंकवादी ने लेटकर पोजीशन ली और ड्राईवर की सीट के नीचे/ब्रेक के पास वाली जगह से गोली चलाई, जिसके परिणामस्वरूप एक गोली श्री मोहिन्दर सिंह के दाएं हाथ में लगी। श्री कुंडु द्वारा चलायी गयी गोलियों में से एक गोली आतंकवादी हरचरन सिंह की ए० के०–47 राईफल के ब्रिजब्लाक पर लगी और उसकी राईफल जाम हो गयी। श्री कुंडु द्वारा चलायी गयी गोलियों की एक अन्य बौछार ने आतंकवादियों को जख्मी और खामोश कर दिया। श्री कुंडु और श्री मोहिन्दर सिंह जोकि जख्मी हो गए थे, को घटनास्थल से हटाया गया।

क्षेत्र की तलाशी लेने पर, दो आतंकवादियों के शव पाए गए जिनकी शिनाख्त श्याम सिंह और हरचरन सिंह के रूप में की गई और उनके कब्जे से दो ए० के०-47 राईफल, एक 12 बोर की डी. बी. बी० एल० बंदूक, ए० के०-47 की 4 मैगजीन तथा भारी मात्रा में बिना चलाए कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री संजय कुंडु, सहायक पुलिस अधीक्षक तथा मोहिन्दर सिंह सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 21 फरवरी, 1993 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 151-प्रेज 94—राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद :

श्री मुहम्मद अकील,
सहायक पुलिस अधीक्षक,
कुरुक्षेत्र ।

श्री सुभाष यादव,
पुलिस उपाधीक्षक,
कुरुक्षेत्र ।

श्री डले सिंह, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल,
कुरुक्षेत्र ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 15 मार्च, 1993 को श्री मुहम्मद अकील, सहायक पुलिस अधीक्षक, को गुप्त रूप से सूचना प्राप्त हुई कि हरदीप सिंह, सज्जन सिंह और एक अन्य खूंखार अपराधी थाना झांसा के अन्तर्गत गांव पिपली माजरा के एक श्री मोहिन्दर सिंह नामक व्यक्ति के "डेरे" में ठहरे हुए हैं। श्री अकील तुरन्त झांसा पुलिस थाने गए जहां श्री सुभाष यादव, पुलिस उप-अधीक्षक, मौजूद थे और उन्होंने एक योजना बनाई तथा वे उक्त "डेरा" में छापा मारने के लिए चल पड़े परन्तु पुलिस के वहां पहुंचने से पहले ही आतंकवादी पास के खेतों में भाग गए। श्री अकील, श्री यादव और इन्सपेक्टर, सी० आई० ए० कुरुक्षेत्र, के अधीन बलों को ब्रीफ करके आतंकवादियों का घेराव करने के लिए तैनात किया गया। जिस समय श्री अकील और श्री यादव खोजी कुत्तों की मदद से खेतों की तलाशी ले रहे थे तो सूचना प्राप्त हुई कि गांव मण्डी के निकट आतंकवादियों को खेतों में देखा गया है। इस बात का आभास करते हुए कि आंतकवादी धर्मगढ़ और सूरजगढ़ गाँवों में घुस सकते हैं, श्री अकील सहायक पुलिस अधीक्षक और श्री यादव, पुलिस उप-अधीक्षक, एक बुलेट प्रूफ जिप्सी में गांव धर्मगढ़ पहुंचे जबकि इन्सपेक्टर सी० आई० ए०, कुरुक्षेत्र के नेतृत्व में पुलिस बल जिसमें कांस्टेबल डले सिंह भी शामिल थे, खेतों में आतंकवादियों का पीछा करते रहे। कांस्टेबल डले सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना आगे गए और आतंकवादियों पर गोली चलानी शुरू कर दी जिससे उनमें से एक घायल हो गया परन्तु जैसे ही वह घायल आतंकवादी पर गोली चलाने के लिए आगे बढ़ रहे थे, दूसरे आतंकवादी ने कांस्टेबल डले सिंह पर अपनी एसाल्ट राईफल से गोली चला दी जिससे घटना-स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। सहायक पुलिस अधीक्षक की जिप्सी को आते देखकर आतंकवादियों ने जिप्सी पर गोली चला दी परन्तु अपनी जान की परवाह किए बिना श्री अकील बुलेट प्रूफ जिप्सी के ऊपर रेंगते हुए चढ़ गए और आतंकवादियों पर गोली चला दी जबकि अपनी जिन्दगी की परवाह किए बिना श्री यादव जिप्सी से नीचे आए और आतंकवादियों पर गोली चलाकर उनमें से एक व्यक्ति को घटनास्थल पर ही मार डाला। शेष दोनों आतंकवादी गोलियां चलाते हुए गांव सूरजगढ़ की ओर भागते रहे। श्री अकील और श्री यादव ने एक दीवार के साथ मोर्चा संभाल लिया और गोलियां चलाना शुरू कर दिया, परन्तु इसका कोई प्रभाव न देखते हुए, अपने अन्य कर्मियों सहित दोनों अधिकारी एक मकान की छत पर चढ़ गए। पुलिस बल को निर्देश देने के बाद श्री अकील नीचे उतरे, और अपनी जिप्सी में सवार होकर आतंकवादियों को सामने की ओर से घेर लिया, जबकि श्री यादव ने छत से आतंकवादियों पर गोलीबारी की और एक अन्य आतंकवादी को मार गिराया। तीसरे आतंकवादी की तलाश में श्री अकील अपनी जिप्सी में बैठकर खेतों में गए। घायल आतंकवादी एक ट्यूबवेल के कोठे से बाहर निकल आया और श्री अकील के नेतृत्वधीन पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अपनी जान की चिंता किए बिना श्री अकील ने आतंकवादी पर गोलियां चलाईं और उसको घटनास्थल पर ही मार डाला। तीनों आतंकवादियों की हरदीप सिंह उर्फ काला हरियानवी, सज्जन सिंह, दोनों बी० एस० टी० एफ० के ले० जनरल तथा गुरमीत सिंह के रूप में पहचान की गई। मृतकों से दो ए०के०-56 राईफलें, एक ए०के०-74 राईफल, एक .38 बोर रिवाल्वर, बड़ी मात्रा में गोलाबारूद, एक बम, एक हथ गोला तथा सायनाइड केपसूल बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मुहम्मद अकील, सहायक पुलिस अधीक्षक, सुभाष यादव, पुलिस उपाधीक्षक, तथा श्री जिलेसिंह, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 मार्च, 1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर 1994

सं० 152-प्रेस/94—राष्ट्रपति, जम्मू-कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद :

श्री चेन सिंह, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल,
जिला—जम्मू ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 25 नवम्बर, 1992 को श्री चेन सिंह, जम्मू और कश्मीर बैंक, सब्जी मंडी, नरवल में अपनी ड्यूटी पर थे तो कुछ सशस्त्र उग्रवादी, बैंक लूटने के इरादे से एक मारुती वैन में वहां पहुंचे । सुरक्षा गार्ड, कांस्टेबल चैनसिंह, जो कि .303 की राईफल से लैस था, ए०के०-47 राईफल से लैस एक उग्रवादी की ओर झपटा और राईफल की मैगजीन पकड़ ली । वह उग्रवादियों से भिड़ गया जिसके परिणामस्वरूप ए०के०-47 राईफल की भरी हुई मैगजीन नीचे गिर गई और उग्रवादी घटनास्थल से भाग खड़ा हुआ। इसी बीच एक अन्य उग्रवादी ने अपनी माउजर पिस्तोल से, सुरक्षा गार्ड, कांस्टेबल श्री चैन सिंह पर गोलियां चला दी और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । इस घटना में बैंक का गार्ड श्री नत्था सिंह भी गम्भीर रूप से जख्मी हो गया । सुरक्षा गार्ड कांस्टेबल श्री चेन सिंह द्वारा दिखाई गई वीरता और सूझबूझ के परिणामस्वरूप, उग्रवादी भाग गए और बैंक में उपलब्ध 4.92 लाख रुपए, उग्रवादियों द्वारा लूटे जाने से बच गए ।

इस मुठभेड़ में श्री चेन सिंह कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 नवम्बर, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर 1994

सं० 153-प्रेस/94—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद :

श्री गंगा सिंह,
हैड कांस्टेबल,
30वीं बटालियन,
एस० ए० फ०, जगदलपुर ।

श्री एलादी पोट्टी,
कांस्टेबल,
30वीं बटालियन,
एस० ए० एफ०, जगदलपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

20 मई, 1991 को श्री एल्फार टोपो, स्टेशन अधिकारी, के नेतृत्व में एक वाहन के चालक और क्लीनर सहित 9 सदस्यों वाला एक पुलिस दल बड़े डोंगर सेक्टर में गश्त लगा रहा था । पुलिस दल गश्त लगाते हुए बांछापाई मतदान केन्द्र तक पहुंच गया । जहां पर मतदान पेटियों सहित चुनाव दल ठहरा हुआ था चूंकि उनको ले जाने वाला वाहन आया नहीं था । पुलिस दल द्वारा मतदान पेटियों सहित चुनाव कराने वाले 8 सदस्यों वाले दल को वहां से ले जाने के लिए वह बड़े नगर के लिए चल पड़ा । पुलिस दल और चुनाव दलों सहित वह वाहन जैसे ही गांव से लगभग 4 कि० मी० की दूरी पर पहुंचा तो नक्सलवादियों द्वारा सड़क पर बिछाई गई सुरंग फट गई और वाहन के टुकड़े-टुकड़े हो गए जिससे 8 व्यक्ति घटना स्थल पर ही मारे गए और अन्य घायल हो गए । घायल व्यक्तियों को भी मार डालने के उद्देश्य से नक्सलवादियों ने भारी गोली-बारी शुरू कर दी । ऐसी विकट परिस्थिति में, हैड कांस्टेबल गंगा सिंह और कांस्टेबल एलादी पोटी ने वीरता पूर्वक लड़ाई करके अद्वितीय साहस, लगन और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया । दोनों ने मोर्चे संभाल लिए और जवाबी गोलीबारी की । इस जवाबी गोलीबारी से नक्सलवादी अचम्भे में पड़ गए क्योंकि उनको इसकी आशा नहीं थी तथा इस प्रकार हुई जवाबी गोलीबारी से नक्सलवादी कुछ देर के लिए शांत हो गए । इस स्थिति का लाभ उठाते हुए, हैड कांस्टेबल गंगा सिंह और कांस्टेबल एलादी पोट्टी ने अपने घायल साथियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया । नक्सलवादियों

की भारी गोलीबारी के बीच इन दोनों वीर कार्मिकों ने न केवल घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, बल्कि विस्फोट के कारण मारे गए पुलिस कार्मिकों के शस्त्रों को भी एकत्र कर लिया जिससे कि नक्सलवादी उनको उठाकर न ले जा सकें/दोनों ने नक्सलवादियों के साथ लगभग दो घंटे तक गोलीबारी की और उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया । इन कार्मिकों के दृढ़प्रतिरोध को देखकर, नक्सलवादी घटनास्थल से हट गए और वे जंगल की ओर भाग गए । इसके बाद श्री गंगा सिंह और श्री एलादी ने चौकसी रखनी जारी रखी तथा सभी संभव तरीकों से घायलों की मदद की । इन्होंने उन व्यक्तियों को, जो गम्भीर रूप से घायल नहीं हुए थे, बड़े डोंगर जाकर पुलिस चौकी को सूचित करने और राहत भी बुला लाने के लिए समझाया । राहत बल के वहां पहुंचने तक दोनों पुलिस कार्मिकों वहां रुके रहे और घायलों की मदद करते रहे तथा अत्याधिक कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय देते हुए जो कुछ शेष बचा था, उसकी रक्षा की ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गंगा सिंह, हैड कांस्टेबल, और एलादी पोट्टी, कांस्टेबल, 30वीं बटालियन, एस० ए० एफ० जगदलपुर, ने अदम्य वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 20 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर 1994

सं० 154-प्रेज/94—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद :

श्री ए० के० इरानडे, (मरणोपरान्त)
पुलिस उप-निरीक्षक,
ग्रेटर बम्बई पुलिस बल ।

श्री जी० ए० गवाने,
हैड कांस्टेबल,
ग्रेटर बम्बई पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 11 मई, 1992 को श्री अशोक किशन इरानडे पुलिस उप-निरीक्षक तथा श्री गोविन्द आत्माराम गवाड़े, हैड कांस्टेबल, विलेज रोड, भांडूप (पश्चिम) बम्बई में मेयर की बैठक में बन्दोबस्त ड्यूटी पर थे, तो यातायात नियंत्रण शाखा के उप निरीक्षक श्री मोहन जाधव ने श्री रानाडे को सूचित किया कि उषा नगर में गोली चलने की एक घटना हुई है और हमलावर एक फिएट मोटर कार नम्बर जी० जे० 15-ए-9385 में विलेज रोड, भांडूप (पश्चिम) की ओर भाग रहे थे । हमलावरों ने उषा नगर में हीरा सिंह नामक एक व्यक्ति को मार डाला था । इस पर, श्री गवाड़े सहित, श्री इरनाड़े ने तुरन्त कार्रवाई की और कथित मोटर कार को पकड़ने में सफलता प्राप्त कर ली और उसके ड्राईवर को, गाड़ी रोकने के लिए मजबूर किया । हमलावरों/आतंकवादियों ने श्री इरनाड़े और श्री गवाड़े पर गोलियां चलाई, जो क्रमशः पेट और गर्दन पर लगी और वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । यद्यपि दोनों जख्मी थे तो भी वे तुरन्त कार की तरफ गए और श्री श्री इरनाड़े ने एक आतंकवादी से ए०के०-56 राईफल छीन गावाड़े ने मल्कुत ढंग से उनकी सहायता की जो कि आतंकवादी पर कूद पड़े और उस पर पूरे जोर से लात लगाई । श्री इरनाड़े ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से छह राउन्ड गोलियां चलाई और एक आतंकवादी को घायल कर दिया जिसकी बाद में जख्मों के कारण मृत्यु हो गई । उसकी शिनाख्त जगतार सिंह अमरजीत सिंह सन्धु के रूप में की गई । श्री इरनाड़े जो गर्दन में गोली लगने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गए थे, वहीं पर गिर पड़े और बाद में, जख्मों के कारण अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई । श्री गवाड़े, जो पेट में गोली लगने से जख्मी हो गए थे, को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और उन्हें हिन्दुजा अस्पताल बम्बई में एक बड़ा आपरेशन करने के बाद ही बचाया जा सका । घटनास्थल से निम्नलिखित हथियार और गोलीबारूद बरामद किया गवा ।

(i) 23 राउन्ड से भरी हुई मैगजीन सहित एक ए०के०-56 राईफल ।

(ii) 29 राउन्ड से भरी हुई, ए०के०-56 राईफल की एक अन्य मेगजीन ।

(iii) एक थैले रखे हुए 32 राउन्ड (बिना चले 84 राउन्ड) ।

(iv) 6 खाली कारतूसों सहित एक .38 बोर का रिवाल्वर (वेबले) ।

(v) 38 बोर की रिवाल्वर के 12 बिना जले कारतूस ।

इस मुठभेड़ में श्री ए० के० इरानडे उप निरीक्षक और श्री जी० ए० गवाड़े, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(क) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 11 मई, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर 1994

सं० 155-प्रेज/94—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री बी० एस० सोनाजे, (मरणोपरान्त)
नायक,
थाना—वाकोला,
बम्बई

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है

दिनांक 4-3-92 को करीब 10.00 बजे अपर पुलिस आयुक्त, उत्तरी क्षेत्र, बम्बई को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यापारी से धन ऐंठने के उद्देश्य से नंजा और उसके साथी अमर नगर हटमेंट्स में जाएंगे। अमर पैलेस होटल के निकट धन दिया जाएगा। यह पता चला कि व्यापारी पर बहुत दबाव है और वह पुलिस के साथ सहयोग नहीं करेगा। तत्काल पुलिस स्टाफ को एक सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में (जिसमें कांस्टेबल बी० एस० सोनाजे भी शामिल थे) अमर नगर भेजा गया। पुलिस दल ने बच कर भाग निकलने के सभी संभावित रास्तों को बन्द कर दिया। करीब 1620 बजे निरीक्षक बी० पी० कदम और उनके साथियों ने आतंकवादी सुक्खा को अमर पैलेस होटल आते देखा। उप-निरीक्षक जार्ज और उनके अन्य साथियों ने कार द्वारा उसका पीछा शुरू कर दिया। सुक्खा बांई बोर मुड़ा और खींडीपाड़ा हटमेंट्स में घुस गया। उप-निरीक्षक जार्ज ने बांई से उसके आगे आए और उप-निरीक्षक लक्ष्मण दुबे कार से बाहर निकल कर आये और सुक्खा को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। इस बीच अन्य दो पुलिस कर्मियों ने भी उसको घेर लिया। सुक्खा ने चेतावनी की अनसुनी करके अपनी 9 मि० मी० की पिस्तौल से गोलियां चलाई जो उप-निरीक्षक दुबे और उप-निरीक्षक भानुप्रताप बर्गे की छाती में लगी परन्तु वे घायल होने से बच गए क्योंकि उन्होंने बुलेट प्रूफ जैकेट पहनी हुई थीं। दोनों उपनिरीक्षकों ने तुरन्त जवाबी गोलियां चलाई और उसे मार गिराया। जिस समय गोलीबारी चल रही थी तो साथ में बने हटमेंट्स से एक और आतंकवादी बाहर निकल कर आया तथा 9 मि० मी० की पिस्तौल से अंधा-धुन्ध गोलियां चलाने लगा। उसने चीन में निर्मित एक बम निकालकर निरीक्षक कदम और उप-निरीक्षक जार्ज की ओर फैंका। आतंकवादी द्वारा चलाई गई गोली निरीक्षक कदम और उप-निरीक्षक जार्ज की छाती पर लगी परन्तु चूंकि उन्होंने बुलेट प्रूफ जैकेट पहनी हुई थी इसलिए गोली छाती के अन्दर नहीं घुस सकी। इसके बावजूद निरीक्षक कदम और उप-निरीक्षक जार्ज ने आतंकवादी पर जवाबी गोलीबारी की और उसको मार गिराया, जिसकी बाद में नंजा के रूप में पहचान की गई।

अपने सरदार को मरते देखकर, पास के हटमेंटों में छिपे तीन अन्य आतंकवादियों ने पुलिस दल पर ए० के०-56 राईफलों से गोलीबारी करनी शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों ने जवाबी गोलीबारी की। फिर आतंकवादी पीछे हट गए और उनमें से दो ने पहाड़ी पर बनी एक झोंपड़ी में शरण ले ली। तीसरा आतंकवादी दूसरी दिशा में बचकर भाग निकला, जिसका पुलिस कर्मियों द्वारा पीछा किया गया। दल के अन्य सदस्यों सहित कांस्टेबल सोनाजे जो ए० के०-56 राईफल और मीडियम मशीन गन से की जा रही गोलीबारी के बीच झोंपड़ी की ओर आगे बढ़ रहा था, उस झोंपड़ी के अन्दर घुसने के एक रास्ते का पता लगाने में सफल हो गया जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे। वह आगे की ओर बढ़ा और उसने पीछे आते हुए पुलिस कार्मिकों को भी कवरिंग फायर प्रदान किया। पुलिस का घेरा तोड़ने का प्रयास करते हुए दोनों आतंकवादी अपनी ए० के०-56 राईफलों से अंधाधुन्ध गोलियां चलाते हुए अचानक बाहर निकल आए। तथापि, कांस्टेबल सोनाजे उनके निकट पहुंच गए और अपनी पिस्तौल से उन पर गोलियां चलाई। उनके द्वारा चलाई गई गोलियों में से एक गोली एक आतंकवादी की टांग में लगी लेकिन आतंकवादी द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी से कांस्टेबल सोनाजे गम्भीर रूप से घायल हो गए और वहीं गिर गए। बाद में अस्पताल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। शेष अन्य दो आतंकवादियों को अन्य पुलिस कार्मिकों ने मार डाला। मुठभेड़ में, कुल मिलाकर पांच आतंकवादी मारे गए। तलाशी लेने पर घटनास्थल से दो ए० के०-56 राईफलें, एक मशीन गन, चीन में बने दो बम, भरी हुई दो मैगजीनें, एक कारतूस की पेटी, और सैकड़ों जीवित कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री बी० एस० सोनाजे नायक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4-3-1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर, 1994

सं० 156-प्रेज 94—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और पद

श्री आर० एल० धनवाड़े,
पुलिस उप-निरीक्षक,
ग्रेटर बम्बई, पुलिस बल।

श्री डी० एम० अग्रवाल,
पुलिस उप-निरीक्षक,
ग्रेटर बम्बई, पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 20-12-91 को 4.35 बजे सुबह, सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात गिरोह बन्द और फरार—प्रकाश मिसल उर्फ शेंदी, एक सफेद फियेट कार में बैठकर सान्ताक्रूज से माहीम की ओर जा रहा है । इस सूचना के मिलते ही, सर्वश्री आर० एल० धनवाड़े तथा डी० एम० अग्रवाल उप-निरीक्षक, पुलिस दल सहित, तत्काल रवाना हो गये । उन्होंने अपने वाहन माहीम चर्च के नजदीक खड़े कर दिए । एक कांस्टेबल को, पुलिस दल को सचेत करने और संदिग्ध कार को रोकने के लिए, जंक्शन पर तैनात कर दिया । लगभग 5.30 बजे पूर्वाह्न, कांस्टेबल ने, सफेद फिएट कार देखने पर, पुलिस दल को इशारा कर दिया । फिर उसने, कार को रुकने का इशारा किया किन्तु कार तेजी के साथ शिव सेना भवन की ओर चली गयी । श्री धनवाड़े ने इस कार का पीछा किया । पुलिस को देखकर, अपराधी ने अपनी दिशा बदल दी और काजल रोड की तरफ गया । रवीन्द्र नाट्य मन्दिर के सामने, पुलिस दल, अपराधियों की कार के नजदीक पहुंचने में सफल हो गया और उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी । अपराधी ने अपनी रिवाल्वर से दो गोलियां चलाई, जोकि पुलिस वाहन की बांई खिड़की पर लगी जहां कि उप-निरीक्षक अग्रवाल बैठे हुए थे किन्तु वह सौभाग्य से बच गए । इसी बीच, दूसरे अपराधी ने जो कार की पिछली सीट पर बैठा था पुलिस की तरफ कोई कठोर चीज फेंकी, जिससे पुलिस वाहन का पिछला शीशा क्षतिग्रस्त हो गया । खतरे को देखकर सर्वश्री धनवाड़े तथा अग्रवाल ने अपने-अपने रिवाल्वर निकाल लिए । अपराधियों की कार जब प्रभा देवी मंदिर के नजदीक पहुंची तो अपराधी के सहयोगी ने, पुलिस दल पर एक और गोली चलाई । अपनी सर्विस रिवाल्वर से श्री धनवाड़े ने एक तथा उप-निरीक्षक अग्रवाल ने दो गोलियां चलाई । इससे, अपराधियों की कार का पिछला शीशा चकनाचूर हो गया किन्तु अपराधियों ने कार भगाना जारी रखा । अपराधियों की कार जब टाटा प्रैस के नजदीक पहुंची तो वे बांई तरफ की पतली गली में मुड़ गए । इसी समय पुलिस ने अपराधियों की कार से आगे निकलने का प्रयास किया, किन्तु अपराधियों की कार बांई तरफ से पुलिस वाहन की बांई तरफ के हिस्से से टकरायी । इस टक्कर के कारण अपराधियों की कार आंशिक रूप से फुटपाथ पर चढ़ गई और रुक गई । अपराधी कार से बाहर निकल आए और उन्होंने पुलिस दल पर अन्धाधुन्ध गोलियां चलाना शुरू कर दिया । सर्वश्री धनवाड़े तथा अग्रवाल, तुरन्त वाहन से उतर पड़े, और 10-15 फीट दूर खड़ी एक कार के पीछे आड़ ली । सर्वश्री धनवाड़े तथा अग्रवाल ने अपराधियों की तरफ गोलियां चलायीं और दोनों को जख्मी कर दिया । किन्तु दोनों अपराधी फिर से अपनी कार में घुसे और भागने का प्रयत्न करने लगे । वे ऐसा नहीं कर सके । और गोलियों से हुए जख्मों के कारण वे कार में ढेर हो गए कार में कोई हलचल न देखकर, पुलिस दल सावधानी पूर्वक कार के नजदीक गया और उन्हें के० ई० एम० अस्पताल ले गए जहां उन्हें दाखिल करने से पहले ही मृत घोषित कर दिया गया ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री आर० एल० धनवाड़े, उप-निरीक्षक तथा डी० एम० अग्रवाल, पुलिस उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 20-12-1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर 1994

सं० 157-प्रेज 94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री रोहित चौधरी,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
बटाला ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

28-6-1993 को रोहित चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बटाला, को सूचना प्राप्त हुई कि नामी कट्टर उग्रवादी शमशेर सिंह उर्फ शेरा और अमरजीत सिंह उर्फ बिल्ला अपने एक साथी सहित थाना श्री हरगोबिन्दपुर के अन्तर्गत श्री बख्शी सिंह नामक व्यक्ति के ट्यूबवैल पर थे । अपने निजी सुरक्षा स्टाफ सहित श्री चौधरी तुरन्त छिपने के संदिग्ध स्थान की ओर रवाना हो गए । उन्होंने वायरलैस के माध्यम से निकट के पुलिस थानों से भी कुमुक बुला भेजी । वहां पहुंचने पर श्री चौधरी ने बल को ब्रीफ किया और गांव को घेर लिया । श्री दिलावर सिंह सहित श्री चौधरी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक पुलिस उपाधीक्षक सहित ट्यूबवैल की ओर बढ़े । जैसे ही वे ट्यूबवैल के निकट पहुंचे, तो उग्रवादियों ने श्री चौधरी के दल पर भारी गोलीबारी करनी शुरू कर दी । पुलिस कार्मिकों ने तुरन्त मोर्चे ले लिए और जवाबी गोलीबारी की । श्री चौधरी ने अपने बन्दूकधारी से एल० एम० जी० लेकर उग्रवादियों पर भारी गोलीबारी की । आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी से पुलिस उपाधीक्षक घायल हो गए । ऐसा होते देख, श्री चौधरी ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना बड़े साहसी तरीके से उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बीच घायल पुलिस उपाधीक्षक तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की ।

पुलिस कार्मिकों द्वारा की गई कवरिंग फायर की सहायता से, श्री चौधरी घायल अधिकारी को एक सुरक्षित स्थान पर ले आए और इस प्रकार उसकी जान बचाई।

उसके बाद, श्री चौधरी पुनः अपने दल में शामिल हो गए और छिपे हुए उग्रवादियों पर बड़े ही प्रभावकारी ढंग से गोलीबारी की। उग्रवादियों ने हताश होकर पुलिस की घेराबन्दी तोड़ने का प्रयास किया परन्तु उनका प्रयास विफल कर दिया गया। कुछ समय बाद, उग्रवादियों ने पुनः पुलिस का घेरा तोड़ने का प्रयास किया और भारी गोलीबारी करते हुए विभिन्न दिशाओं में भागे। श्री चौधरी ने एक उग्रवादी का पीछा किया, जो एक जी० पी० एम० जी० से गोलियां चलाते हुए एक दिशा में भागने का प्रयास कर रहा था। उग्रवादी ने श्री चौधरी को अपनी बन्दूक का निशाना बनाते हुए गोली चलाई, परन्तु वह बाल-बाल बच गए। तब श्री चौधरी ने अपनी एल० एम० जी० से उग्रवादी पर गोली चलाई और उसे मार गिराया, जिसकी शमशेर सिंह उर्फ शेरा (एक नामी उग्रवादी और के० एल० एफ० का स्वयं-भू ले० जनरल) के रूप में पहचान की गई।

श्री दिलावर सिंह ने अन्य उग्रवादी का पीछा किया, जिसने अपनी ए० के०-47 राईफल द्वारा भारी गोलीबारी करके उनको मार डालने का प्रयास किया, परन्तु वह बाल-बाल बच गए। श्री दिलावर सिंह ने हिम्मत नहीं हारी और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादी का पीछा करना जारी रखा और अन्ततः उग्रवादी को मार डालने में सफलता पाई जिसकी बाद में अमरजीत सिंह उर्फ बिल्ला (एक नामी कट्टर उग्रवादी तथा के०एल०एफ०का स्वयं-भू उप प्रधान के रूप में पहचान की गई।

इस बीच तीसरे उग्रवादी ने पुलिस दलों पर गोलियां चलाते हुए बच कर भागने का असफल प्रयास किया। थाना सदर बटाला के थाना प्रभारी और थाना घुमान के उप-निरीक्षक ने एक बुलेट-प्रूफ ट्रैक्टर में भागते हुए उग्रवादी का पीछा किया और उसे मार डाला। इस उग्रवादी की पहचान नहीं की जा सकी। तलाशी लेने पर मृत उग्रवादियों से एक जी० पी० एम० जी०, 2 ए० के०-47 राईफलें और उनकी चार मैगजीनें तथा एक सर्विस रिवाल्वर बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री रोहित चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 28-6-1993 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 158-प्रेज 94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री जसमिन्दर सिंह (मरणोपरान्त)
पुलिस उप-निरीक्षक,
थाना प्रभारी—पुलिस स्टेशन नेहियांवाला,
भटिन्डा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 23-4-1993 को सूचना प्राप्त हुई कि उग्रवादियों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी तथा एक होमगार्ड की हत्या कर दी है जोकि थाना-दयालपुरा के गांव कोठा गुरू का, में बैंक ड्यूटी पर थे। इस सूचना के प्राप्त होने पर, पास के पुलिस स्टेशनों/मुख्यालय से विभिन्न पुलिस दल, गांव कोठा गुरू का की ओर गए और तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

इसी बीच, यह संदेश प्राप्त हुआ कि गांव पुहला के नजदीक कुछ उग्रवादियों ने भटिन्डा के उपायुक्त की कार को रिमोट कंट्रोल बम से उड़ाने की कोशिश की, जब वे उस घटना स्थल का दौरा करने गांव कोठा गुरू का की ओर जा रहे थे। इस घटना के बाद, उग्रवादियों को तलाश करने के लिए, सभी पुलिस दलों को विभिन्न दिशाओं में फैला दिया गया।

लगभग 3.45 बजे अपराह्न श्री अमरीक सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक, उप-मंडल भटिन्डा की, गांव ढिलवां के नजदीक उग्रवादियों से मुठभेड़ हो गयी, और उन्होंने इस बारे में, अन्य पुलिस दलों को सूचित कर दिया। आतंकवादी, श्री अमरीक सिंह के दल पर तीन हथगोले फैंक कर भागने में सफल हो गए।

इस संदेश के मिलने पर, उप-निरीक्षक जसमिन्दर सिंह, थाना प्रभारी, थाना-नैहियांवाला, तथा उनका दल गांव ढिलवां के नजदीक पहुंचे। उन्होंने भागते हुए उग्रवादियों को देखा। उन्होंने उग्रवादियों का पीछा किया और उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा। इस पर उग्रवादियों ने उप-निरीक्षक जसमिन्दर सिंह तथा उनके दल पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। पुलिस कार्मिकों ने सुरक्षात्मक मोर्चा संभाला और उग्रवादियों को उलझाए रखा। भारी गोलीबारी के बावजूद, उप-निरीक्षक जसमिन्दर सिंह उग्रवादियों के नजदीक पहुंचने में सफल हो गए। उग्रवादियों को पकड़ने के प्रयास में वे उग्रवादियों पर झपट पड़े किन्तु दुर्भाग्य से एक गोली उनके सीने में लगी और वे गंभीर रूप से जख्मी हो गये तथा बाद में जख्मों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

श्री अमरीक सिंह, उग्रवादियों का पीछा करते रहे, जब वे घटना स्थल पर पहुंचे तो उग्रवादी ट्रैक्टर को छीन कर गांव गिद्दर की तरफ भाग गए। श्री अमरीक सिंह और उनका दल उग्रवादियों का पीछा करता रहा। पुलिस दल, जब उस गली में पहुंचा जिसमें कि उग्रवादी घुसे थे, तो उग्रवादियों द्वारा पुलिस दल पर एक हथ गोला फैंका गया, किन्तु सौभाग्य से बच गए। श्री अमरीक सिंह ने उग्रवादियों पर गोलियां चलायीं। उग्रवादियों ने फिर से एक ट्रैक्टर छीना और गांव नाथपुरा की ओर चले गए। लगातार हो रही गोलीबारी और बम-हमलों के बावजूद अमरीक सिंह और उनका दल अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उग्रवादियों का पीछा करता रहा और अन्ततः वे उग्रवादियों के नजदीक पहुंचने में कामयाब हो गए। इसी बीच दूसरे दल भी पीछा करने में साथ मिल गए और उग्रवादियों ने खेतों में पोजीशन ले ली। क्षेत्र की घेराबन्दी कर दी गई और तब एक भीषण मुठभेड़ हुई।

डेढ़ घंटे तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी होती रही। उसके बाद, उग्रवादियों की तरफ से गोलियों का चलना बन्द हो गया। तलाशी के दौरान उग्रवादियों के, गोलियों से छलनी हुए दो शव बरामद हुए। बाद में, मारे गए उग्रवादियों में से एक की, प्रगट सिंह, जो कि खूंखार उग्रवादियों की सूची में था और के० एल० एफ० का स्वयं-भू लेफ्टि० जनरल था, के रूप में शिनाखत की गई, तथापि दूसरे उग्रवादी की शिनाखत नहीं हो सकी। तलाशी के दौरान, मुठभेड़ वाले स्थान से, 1 ए० के०–47 राइफल, एक .315 बोर की राइफल तथा बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री जसमिन्दर सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23-4-93 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 159–प्रेज 94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और पद

श्री जसपाल सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
थाना प्रभारी,
सरहिन्द।

श्री वीर आत्मा राम,
सहायक पुलिस उप-निरीक्षक,
पुलिस स्टेशन,
सरहिन्द।

सेवाओं का विवर जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 1 जुलाई, 1991 को 3 आतंकवादियों द्वारा श्री पवन कुमार बंसल नामक उद्योगपति का गोविंदगढ़ से अपहरण कर लिया गया। आतंकवादियों ने उसे छोड़ने के लिए उसके माता-पिता से फिरौती की भारी रकम की मांग की। पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक खास सूचना प्राप्त हुई कि श्री पवन कुमार बंसल को, थाना बस्सी पठाणा के गांव बहादरगढ़ के सामने वाले गांव आलियां के एक बगीचे में रखा गया है।

दिनांक 2 जुलाई, 1991 को, बल को एकत्र किया गया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटियाला, की एकछत्र कमान तथा पर्यवेक्षण में पुलिस दल बनाए गए और सुरक्षा बलों द्वारा बगीचे की चारों तरफ से घेराबन्दी कर ली गयी। पुलिस दलों में से एक को, जिसका नेतृत्व उप-निरीक्षक जसपाल सिंह कर रहे थे और जिसमें सहायक उप-निरीक्षक वीर आत्मा राम तथा अन्य कार्मिक शामिल थे, उस स्थान पर घुसने का आदेश दिया गया था जहां कि आतंकवादियों ने बंधक को रखा हुआ था। लगभग 6 बजे शाम को कार्रवाई शुरू की गई और आतंकवादियों ने देखा कि पुलिस उनके छिपने के ठिकाने की ओर आ रही है तो उन्होंने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाना शुरू कर दिया। आतंकवादियों द्वारा चलाई जा रही गोलियों का सामना करते हुए पुलिस कार्मिकों ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह नहीं की और आतंकवादियों पर गोलियां बरसाते हुए और आगे बढ़े। जबाबी गोलीबारी में, एक आतंकवादी, जो गंभीर रूप से जख्मी हो गया था, कुछेक गज तक दौड़ा और गिर पड़ा, किन्तु वह अपने स्वचालित शस्त्र से पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलाता रहा। उप-निरीक्षक जसपाल सिंह तथा सहायक उप-निरीक्षक वीर आत्मा राम के नेतृत्व वाला दल उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद और आगे बढ़ा और उग्रवादियों को काफी नजदीक से घेर लिया। अन्ततः वे दोनों आतंकवादियों को मारने में सफल हो गए, जिनकी बाद में, सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा और कुलतार सिंह के रूप में शिनाख्त की गई। तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक ए० के०–47 राईफल, .38 बोर की रिवाल्वर तथा बड़ी संख्या में जिंदा चले/खाली कारतूस बरामद किए गए। तथापि, तीसरा आतंकवादी, पास के खेतों में काम कर रहे किसानों/मजदूरों की आड़ लेकर भागने में सफल हो गया। इस प्रकार सर्वश्री जसपाल सिंह, वीर आत्मा राम तथा अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए महान प्रयासों से श्री पवन कुमार बंसल को आतंकवादियों के चंगुल से मुक्त कराया जा सका।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री जसपाल सिंह, उप-निरीक्षक, वीर आत्मा राम, सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता,

साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 जुलाई, 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 160-प्रेज/94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद
श्री धरम सिंह
पुलिस निरीक्षक
थाना प्रभारी, थाना धरमपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है।

उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने पर, निरीक्षक धरम सिंह के नेतृत्व में, एक पुलिस दल द्वारा गिल कलां, कर्मवाला तथा जड़के गांवों की तलाशी ली गई। दिनांक 3-6-92 को तलाशी लेने के बाद लगभग 11.15 बजे पूर्वाह्न जब यह दल सड़क के रास्ते गांव जियोन्द की तरफ जा रहा था तो निरीक्षक धरम सिंह ने देखा कि दो आदमी संदिग्धावस्था में स्कूटर पर जा रहे हैं। निरीक्षक ने उन्हें रुकने का इशारा किया किन्तु स्कूटर के पीछे बैठे व्यक्ति ने अपनी ए० के० 47 राईफल से पुलिस दल पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया और पुलिस दल पर गोलियां चलाता हुआ स्कूटर से गंडा सिंह की ढाणी की तरफ चला गया। पुलिस दल ने उनका पीछा किया और आत्मरक्षा में जवाबी गोलियां चलाई। संदिग्ध व्यक्तियों ने गंडा सिंह की ढाणी के समीप अपना स्कूटर छोड़ खेतों की तरफ भागना शुरू कर दिया। निरीक्षक धरम सिंह ने उन्हें फिर से, आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा किन्तु उग्रवादी पुलिस दल पर गोलियां चलाते हुए भागते रहे। श्री धरम सिंह तथा उनके दल ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना लगातार गोलियां चला रहे उग्रवादियों का तेजी से पीछा किया, इससे उग्रवादियों को पक्का खाल के पीछे छिपने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद उग्रवादियों ने पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलाना शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस कार्मिकों ने सुरक्षात्मक पोजीशन ले ली और आत्मरक्षा में जवाबी गोलियां चलाई। दोनों तरफ से हो रही इस भारी गोलीबारी में श्री धरम सिंह ने बड़ी युक्ति से क्षेत्र की घेराबंदी की और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिए ललकारा और अपने कार्मिकों को घेरा कसने का निदेश दिया। लगातार हो रही गोलीबारी में वह स्वयं रेंगते हुए उग्रवादियों की तरफ बढ़े और अन्ततः उग्रवादियों के नजदीक पहुंच गए। तब उन्होंने उग्रवादियों पर सधे हुए निशाने से गोलीबारी की और एक उग्रवादी को मार गिराया। कुछ देर इन्तजार करने के बाद, क्षेत्र की तलाशी ली गयी, और वहां से गोली लगने से मारे गए एक उग्रवादी का शव बरामद हुआ, जिसकी बाद में, के० सी० एफ० (पंजवार) के कट्टर उग्रवादी रणजीत सिंह के रूप में शिनाख्त की गयी। तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से, एक ए० के० 47 रायफल, 2 मैगजीन, ए० के० 47 के 31 बिना चले कारतूस, ए० के० 47 के 30 खोल और एक बजाज चेतक स्कूटर बरामद किया गया। तथापि, दूसरा उग्रवादी भागने में सफल हो गया।

इस मुठभेड़ में श्री धरम सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3-6-92 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 161-प्रेज/94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और पद

श्री मोहकम सिंह,
पुलिस अधीक्षक,
गुप्तचर, भटिन्डा।

श्री मुकन्द सिंह,
पुलिस निरीक्षक,
थाना प्रभारी, थाना मौर।

श्री इकबाल सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
भटिन्डा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 21-9-92 को मौर क्षेत्र में खूंखार उग्रवादियों की उपस्थिति की विश्वस्त सूचना मिलने पर, श्री मोहकम सिंह, पुलिस अधीक्षक (गुप्तचर) ने उग्रवादियों को पकड़ने के लिए पूरे क्षेत्र की तलाशी का कार्य शुरू किया। लगभग दिन में 10.00 बजे जब श्री मोहकम सिंह, मुकन्द सिंह निरीक्षक और कांस्टेबल इकबाल सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस दल के साथ, धन्ना सिंह नम्बरदार के कपास के खेतों के नजदीक पहुंचे तो वहां छिपे हुए उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। श्री मोहकम सिंह के

निर्देशन में, पुलिस दल ने पोजीशन ली और जवाबी गोली-बारी शुरू कर दी। उग्रवादी कपास के खेत में बनी हुई एक खाई के पीछे छिप गये और पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलाना जारी रखा। तब, श्री मोहकम सिंह, पुलिस अधीक्षक, ने अपने आदमियों को रेंगते हुए आगे बढ़ने और उग्रवादियों की खाईयों को उड़ा देने का निर्देश दिया। श्री मोहकम सिंह पुलिस अधीक्षक एकदम आगे थे और उनके पीछे-पीछे कांस्टेबल इकबाल सिंह थे, और वे गोलियों की बौछार का सामना करते हुए रेंगते हुए खाई की तरफ बढ़ते गए। इस प्रक्रिया में, कांस्टेबल इकबाल सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए और जख्मों के कारण उन्होंने वहीं दम तोड़ दिया। श्री मोहकम सिंह पुलिस अधीक्षक बाल-बाल बचे। तथापि, उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, और रेंगना जारी रखा तथा खाई के नजदीक पहुंच गए। निरीक्षक मुकन्द सिंह ने अपने जीवन को दाव पर लगाकर एक उग्रवादी को धर दबोचा और श्री मोहकम सिंह, पुलिस अधीक्षक ने तुरन्त अचूक निशाना लगाकर आतंकवादी को वहीं मार गिराया और निरीक्षक मुकन्द सिंह जोकि उग्रवादियों का शिकार बनने वाले थे, के जीवन को भी बचा लिया। मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त जिले के कुख्यात उग्रवादी कुलविन्दर सिंह कूबे के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल के पास एक जोड़ी जूती (जूते) तथा चादरा (धोती) पाए गए। श्री मोहकम सिंह ने दूसरे उग्रवादियों को खोजने के काम के लिए खोजी कुत्ते मंगवाए और बुलेट प्रूफ जिप्सी में बैठकर खोजी कुत्तों के पीछे-पीछे चल दिए। इस पर, छिपे हुए उग्रवादियों ने फिर से पुलिस दल पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। श्री मोहकम सिंह, पुलिस अधीक्षक ने एक उग्रवादी पर गोली चलाई और उसे वहीं मार गिराया जिसकी बाद में डा० दर्शन सिंह के रूप में शिनाख्त की गई। इस मुठभेड़ में, कांस्टेबल इकबाल सिंह ने, उग्रवादियों से वीरता पूर्वक लड़ते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया और सर्वश्री मोहकम सिंह, पुलिस अधीक्षक, मुकन्द सिंह, निरीक्षक, ने उग्रवादियों पर काबू पाने और उनके छिपने के ठिकानों पर उन्हें मारने तथा भारी संख्या में हथियार और गोला-बारूद पकड़ने में अनुकरणीय साहस, और सूझबूझ का परिचय दिया

इस मुठभेड़ में श्री मोहकम सिंह, पुलिस अधीक्षक, श्री मुकन्द सिंह, निरीक्षक तथा श्री इकबाल सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 21-9-92 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 162-प्रेज/94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री इन्दरजीत सिंह,
कांस्टेबल,
तरनतारन।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

4 अक्तूबर, 1991 को श्री परमदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, भीखीविंड, को सूचना प्राप्त हुई कि थाना भीखीविंड के अन्तर्गत गांव छंग के निकट बाबा रोड़े शाह की मजार में कट्टर सूचीबद्ध उग्रवादी करज सिंह समरा सहित कुछ उग्रवादी छिपे हुए हैं। श्री परमदीप सिंह ने तुरन्त थाना प्रभारी, भीखीविंड से संपर्क स्थापित किया और बल सहित उस स्थान को गए और गांव छंग के क्षेत्र को घेर लिया। उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं। पुलिस दल ने आत्म-सुरक्षा में जवाबी गोलियां चलाईं। पुलिस की प्रभावकारी गोली-बारी के कारण उग्रवादी सरदूल सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाऊस की ओर भागे और उसके अन्दर घुस गए। पुलिस ने उनका पीछा किया और फार्म हाऊस को घेर लिया। फार्म हाऊस के अन्दर छिपे उग्रवादियों पर की गई भारी गोलीबारी अप्रभावी रही क्योंकि वे वहां आड़ में छिपे हुए थे। थाना खेमकरण और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 70वीं बटालियन से कुमुक बुलाई गई। चूंकि सूरज डूब चुका था, इसलिए फार्म हाऊस के चारों ओर कड़ा घेरा डाला गया ताकि उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाकर बच कर भागने न पावें।

5-10-91 को करीब 6 बजे पूर्वाह्न श्री परमदीप सिंह और उनके दल के सदस्य एक बी० पी० ट्रैक्टर में बैठकर उत्तर दिशा की ओर से फार्म हाऊस की ओर बढ़े जबकि श्री गुरदयाल सिंह और उनके दल के सदस्य एक बी० पी० ट्रैक्टर में सवार होकर पश्चिम दिशा की ओर से फार्म हाऊस की ओर बढ़े। दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई। फिर भी, सर्वश्री परमदीप सिंह और गुरदयाल सिंह, उग्रवादियों के मोर्चे का पता लगाने में सफल हो गए तथा उनके मोर्चे के निकट पहुंच कर उन्होंने अपनी ए० के०-47 राईफलों से गोलियां चला कर दो उग्रवादियों को मार डाला। चूंकि उग्रवादियों की ओर से अभी भी गोलियां चल रही थीं, तथा बी० पी० ट्रैक्टर से चलाई गई गोलियां लाभदायक सिद्ध नहीं हो रही थीं। अतः पंजाब पुलिस के कांस्टेबल इन्दरजीत सिंह और के० रि० पु० बल के हैड-कांस्टेबल रत्न सिंह को फार्म हाऊस की छत पर भेजा गया। उन्होंने एक छेद में से अन्दर हथगोले फेंके और दो और उग्रवादियों को निष्प्रभाव कर दिया। मारे गए दोनों उग्रवादियों की बाद में पहचान करज सिंह समरा निवासी गांव समरा और अमर जीत सिंह निवासी गांव धुन के रूप में हुई जोकि सूचीबद्ध

कट्टर उग्रवादी थे। इसके अलावा, वहां से निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारूद भी बरामद किया गया :—

(i)	जी० पी० एम० जी०	1
(ii)	जी० पी० एम० जी० की ड्रम मैगजीनें	2
(iii)	ए० के०—47 राईफल	1
(iv)	ए० के०—74 राईफल	1
(v)	डी० वी० बी० एल बंदूक	2
(vi)	दाकी-टाकी सैट	1
(vii)	ए० के०—47 के कारतूस	185

इस मुठभेड़ में श्री इन्दरजीत सिंह, लांस कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5-10-1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 163-प्रेज/94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री रूपिन्दर सिंह (मरणोपरांत)
पुलिस उप-अधीक्षक,
बटाला।

श्री कश्मीर सिंह, (मरणोपरांत)
सहायक पुलिस उप-निरीक्षक,
बटाला।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

27-1-92 को यह विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर कि थाना कादियां के अन्तर्गत गांव करनामा में कट्टर आतंकवादी और खालिस्तान कमांडो फोर्स (वासन सिंह जफ्फर वाल ग्रुप) का स्वयं-भू उप-प्रमुख सुखविन्दर सिंह और उसके साथी छिपे हुए हैं, श्री रूपिन्दर सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक ने तुरन्त श्री जे० पी० सिंह, पुलिस अधीक्षक/प्रचालन, बटाला को सूचित किया और तलाशी अभियान चलाने और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए एक पुलिस पार्टी का गठन किया। गांव का घेरा डाल लेने के बाद पुलिस उपाधीक्षक, रूपिन्दर सिंह ने प्रत्येक घर की तलाशी लेनी शुरू की और जिस समय वे चरनजीत सिंह नामक व्यक्ति के घर की छत की तलाशी लेने जा रहे थे तो पड़ोसी के घर में छिपे आतंकवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी करनी शुरू कर दी। श्री रूपिन्दर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, गोली लगने से बुरी तरह जख्मी हो गए। यद्यपि, वे बुरी तरह जख्मी हो चुके थे, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपनी ए० के०—47 राईफल से आतंकवादी पर जवाबी गोलीबारी की और तीन में से एक आतंकवादी को घायल करने में सफल हो गए। आतंकवादी अंधाधुन्ध गोलीबारी करते हुए और पुलिस दल पर राकेट छोड़ते हुए पास के खेतों की ओर भागे। सहायक उप-निरीक्षक कश्मीर सिंह और सहायक उप-निरीक्षक अजीत सिंह ने, दोनों के स्वयं गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद भागते हुए आतंकवादियों का बहादुरी के साथ पीछा किया। श्री कश्मीर सिंह, सहायक उप-निरीक्षक, द्वारा की गई अचूक गोलीबारी के परिणामस्वरूप घायल आतंकवादी मारा गया, जिसकी बाद में सूची-बद्ध कट्टर आतंकवादी सुखविन्दर सिंह, के रूप में पहचान की गई, जिसकी सौ हत्याओं के लिए तलाश थी। मारे गए आतंकवादी से 25 बिना प्रयोग हुए कारतूसों वाले ड्रम मैगजीन सहित एक जी० पी० एम० बन्दूक, एक राकेट लांचर इत्यादि बरामद किए गए। उक्त अभियान में श्री रूपिन्दर सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री कश्मीर सिंह, सहायक पुलिस निरीक्षक सहित 7 पुलिस कार्मिकों ने सर्वोच्च कुर्बानी दी। राज्य सरकार अन्य सभी को उचित रूप से मुआवजा दिया गया है।

इस मुठभेड़ में श्री रूपिन्दर सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री कश्मीर सिंह, सहायक पुलिस उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27-1-1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 164-प्रेज 94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक-सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री प्रेम दास,
पुलिस उप-निरीक्षक,
थाना प्रभारी,
थाना, गुरदासपुर शहर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

7 जून, 1993 को, उप-निरीक्षक प्रेम दास, थाना प्रभारी, थाना गुरदासपुर शहर ने एक पुलिस दल सहित कहनुवां रोड, बाई पास गुरदासपुर, के नाले पर बने एक पुल के निकट नाका-बन्दी की । करीब 10.30 बजे रात को उन्होंने तेज रफ्तार में एक मारूति कार आते हुए देखी । उन्होंने सर्च लाईट के द्वारा कार को रूकने का संकेत दिया, परन्तु कार में बैठे लोगों ने नाका दल पर गोलियां चला दी । एक गोली उप-निरीक्षक प्रेम दास के बहुत पास से होती हुई निकली जो जिप्सी के बोनट पर जा लगी । उप-निरीक्षक प्रेम दास और अन्य पुलिस कार्मिकों ने तुरन्त पोजीशन संभाल कर आत्म-सुरक्षा में गोलियां चलाई । इस बीच, दो व्यक्ति कार से बाहर आए और पास में बने एक ट्यूबवैल में छिप गए । उप-निरीक्षक प्रेम दास ने तुरन्त पुलिस नियंत्रण कक्ष और थाना गुरदासपुर शहर को घटना की सूचना दी । उन्होंने अन्य व्यक्तियों के साथ आतंकवादियों का पीछा किया और ट्यूबवैल को घेर लिया ।

इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गुरदासपुर केन्द्रीय रिजर्व बल की 34वीं बटालियन के पुलिस उपाधीक्षक और पुलिस उप-अधीक्षक, कमांडो अपने स्टाफ सहित घटना स्थल पर पहुंच गए । स्थिति का जायजा लेने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गुरदासपुर ने पुलिस दलों को उस क्षेत्र को सभी ओर से घेर लेने का आदेश दिया । पूरी घेराबन्दी करने के बाद, गुरदासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा, लेकिन आतंकवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी । लगभग तीन घंटे तक दोनों ओर से गोलीबारी होती रही लेकिन पुलिस दल आतंकवादियों को पकड़ने अथवा मार डालने में सफल नहीं हो सका । तब, एस० एस० पी०, गुरदासपुर ने उप-निरीक्षक प्रेम दास के नेतृत्व में एक अग्रिम दल ट्यूबवैल के निकट भेजने का फैसला किया । जब उप-निरीक्षक प्रेम दास अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ ट्यूबवैल के निकट पहुंचे तो आतंक-वादियों ने इस दल पर गोलियों की बौछार कर दी । उप-निरीक्षक प्रेम दास और उनके दल ने तुरन्त पोजीशन ले ली और आत्म सुरक्षा में जवाबी गोलीबारी की । । पुलिस दल की भारी गोलीबारी के कारण, एक आतंकवादी ट्यूबवैल से बाहर निकल आया और पुलिस दल पर गोलियां चलाते हुए एक बाग की ओर भागने लगा । उप-पुलिस अधीक्षक, कमांडों के दल ने उस क्षेत्र को पहले ही उस ओर से घेरा हुआ था ।

उप-निरीक्षक प्रेम दास के दल और आतंकवादियों के बीच 20 मिनट तक रूक-रूक कर गोलीबारी होती रही । उसके बाद उप-निरीक्षक प्रेम दास ने एक कांस्टेबल के साथ ट्यूब-वैल को पिछली तरफ से घेरने का निर्णय लिया; जबकि शेष दल को कवरिंग फायर करते रहने का आदेश दिया । जब उप-निरीक्षक प्रेम दास ट्यूबवैल के निकट पहुंचे तो आतंकवादी ने अन्दर से एक एसाल्ट राईफल से फायर किया । एक गोली उप निरीक्षक प्रेम दास के सिर के पास से होती हुई निकली और वे घायल होने से बच गए । उन्होंने घुटनों के बल झुक कर पोजीशन ली और अपनी एस० एल० आर० से आतंकवादी पर गोलियां चलाई । एक गोली आतंकवादी को लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा । दूसरा आतंकवादी बाद में एक अन्य पुलिस बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया । बाद में मृत आतंकवादियों की शिनाख्त जोगिन्दर सिंह उर्फ हरबंस सिंह (बब्बर खालसा अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, दिल्ली इकाई का प्रमुख) और जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश के मकबूल अहमद के रूप में की गई । तलाशी के दौरान घटना स्थल से दो ए० के०-47 राईफलें, ए० के०-47 की 6 मैगजीनें, ए० के०-47 के करीब 200 जीवित/खाली कारतूस तथा एक मारूति कार बरामद की गई

इस मुठभेड़ में श्री प्रेम दास, पुलिस उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 मई, 1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 165-प्रेज 94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री विक्रावर सिंह,
पुलिस उपाधीक्षक,
श्री हरगोबिन्दपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

28 जून, 1993 को श्री रोहित चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बटाला को सूचना मिली कि कट्टर आतंकवादी शमशेर सिंह उर्फ शेरा और अमरजीत सिंह उर्फ बिल्ला अपने

एक साथी सहित थाना श्री हरगोबिन्दपुर के अंतर्गत श्री बख्शीश सिंह नामक व्यक्ति के ट्यूबवैल में छिपे हुए हैं। श्री चौधरी अपने निजी सुरक्षा स्टाफ के साथ तुरन्त छिपने के संदिग्ध स्थान की ओर रवाना हो गए। उन्होंने वायरलैस के द्वारा समीप के थानों से कुमुक भी बुला ली। वहां पहुंचने पर, श्री चौधरी ने बल को ब्रीफ किया और गांव को घेर लिया। श्री चौधरी, श्री दिलावर सिंह और के० रि० पु० बल के एक पुलिस उपाधीक्षक ट्यूबवैल की ओर बढ़े। जैसे ही वे ट्यूबवैल के निकट पहुंचे उग्रवादियों ने श्री चौधरी के दल पर भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने तुरन्त पोजीशन लेकर जवाबी गोलीबारी आरम्भ कर दी। श्री चौधरी ने अपने गनमैन से एल० एम० जी० ले ली और आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी की। आतंकवादियों की गोलीबारी से के० रि० पु० बल के पुलिस उप-अधीक्षक घायल हो गए। यह देखकर, श्री चौधरी अपनी निजी सुरक्षा की चिंता न करते हुए भारी गोलीबारी के बीच साहस का परिचय देते हुए होशियारी के साथ पुलिस उपाधीक्षक के पास पहुंच गए। पुलिस कार्मिकों की कवरिंग फायर के सहारे श्री चौधरी घायल अधिकारी को सुरक्षित स्थान पर लाने में सफल हो गए और इस प्रकार उनकी जान बचा ली।

उसके बाद, श्री चौधरी पुनः अपने दल में शामिल हो गए और छिपे हुए आतंकवादियों पर बड़े ही प्रभावकारी ढंग से गोलीबारी करने लगे। निराश होकर आतंकवादियों ने पुलिस का घेरा तोड़ने का प्रयास किया लेकिन उनके इस प्रयास को विफल कर दिया गया। कुछ देर बाद, आतंकवादियों ने पुनः पुलिस घेरे को तोड़ने का प्रयास किया और विभिन्न दिशाओं में अंधाधुंध गोलियां चलाने लगे। श्री चौधरी ने एक आतंकवादी का पीछा किया जो जी० पी० एम० जी० से गोलियां चलाते हुए एक दिशा में बच कर भागने का प्रयास कर रहा था। उस आतंकवादी ने श्री चौधरी को अपनी गोलियों का निशाना बनाया, परन्तु वे बाल-बाल बच गए। तब श्री चौधरी ने अपनी एल० एम० जी० से उस आतंकवादी पर गोलियां चलाई और उसको मार गिराया। उसकी पहचान शमशेर सिंह उर्फ शेरा (एक सूची बद्ध कट्टर आतंकवादी और के० एल० एफ० का स्वयं-भू ले० जनरल) के रूप में की गई।

श्री दिलावर सिंह ने एक अन्य आतंकवादी का पीछा किया, जिसने अपनी ए० के०-47 राईफल से गोलियां चलाकर उन्हें मारने की कोशिश की, परन्तु अधिकारी बाल-बाल बच गए। श्री दिलावर सिंह ने हिम्मत नहीं हारी और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादी का पीछा करना जारी रखा और अन्ततः उस आतंकवादी को मारने में सफल हो हुए, जिसकी बाद में अमर जीत सिंह उर्फ बिल्ला (एक सूचीबद्ध आतंकवादी और के० एल० एफ० का स्वयं-भू उप-प्रमुख) के रूप में पहचान की गई।

इस बीच, तीसरे आतंकवादी ने पुलिस दल पर गोलियां चलाते हुए बच निकलने की नाकाम कोशिश की। थाना सदर बटाला के थाना प्रभारी और थाना घुमान के उप-निरीक्षक ने भागते हुए आतंकवादी का एक बुलेट-प्रूफ ट्रेक्टर से पीछा किया और उसे मार गिराया। इस आतंकवादी की पहचान नहीं हो सकी। तलाशी के दौरान, मृत आतंकवादी से एक जी० पी० एम० जी०, चार मैगजीनों सहित दो ए० के०-47 राईफलें तथा एक सर्विस रिवाल्वर बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री दिलावर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 28 जून, 1993 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 166-प्रेज/94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री बलदेव सिंह शेखों,
पुलिस, उप-अधीक्षक,
फिरोजपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 23 मई, 1993 को, फिरोजपुर के पुलिस उप-अधीक्षक, श्री बलदेव सिंह को सूचना मिली कि थाना सदर, फिरोजपुर के झोक हरिहर गांव में कुछ आतंकवादी छिपे हुए हैं। उन्होंने तुरन्त ही सदर फिरोजपुर तथा ममडोट के थाना प्रभारियों के साथ विचार विमर्श करके, एक योजना बनाई और उन्हें निदेश दिया कि बल को तैयार रखें ताकि उन्हें बाद में बताए जाने वाले स्थान की ओर भेजा जाए। दिनांक 24-5-93 को दोपहर एक बजे, अन्तिम पुष्ट सूचना मिलने पर, पुलिस पार्टियों को उस क्षेत्र में बंद पड़ी चमड़े की एक फैक्टरी की ओर रवाना किया गया। पुलिस दल को चार भागों में विभाजित किया गया और उप-निरीक्षक दर्शन सिंह (पूर्व दिशा की ओर), उप-निरीक्षक मेजर सिंह (पश्चिम दिशा की ओर), निरीक्षक, अवतार सिंह (दक्षिण दिशा की ओर), पुलिस उप-अधीक्षक, बलदेव सिंह (उत्तर दिशा की ओर) की देखरेख में कारखाने की चारों ओर तैनात किया गया। बल को तैनात करने के बाद श्री बलदेव सिंह ने, ए० एल० आर० और एल० एम० जी० से लैस एक कांस्टेबल के साथ, कारखाने के मुख्य दरवाजे के समीप एक नलकूप की छत पर

मोर्चा सम्भाला । उसके बाद पुलिस उप-अधीक्षक ने, ऊंची आवाज में, उग्रवादियों को बाहर आने और आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया । परन्तु उग्रवादियों ने गोलियां चलाना शुरू कर दी । पुलिस पार्टियों ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाई । एक आतंकवादी पुलिस पर गोली चलाता हुआ बाहर आया उसे श्री बलदेव ने गोली से मार गिराया । दूसरे उग्रवादी को जोकि पश्चिम दिशा की ओर भाग रहा था, वहां पर तैनात उप-निरीक्षक मेजर सिंह द्वारा मार गिराया गया । श्री बलदेव सिंह जो उग्रवादियों की गोलीबारी का सामना कर रहे थे और चमत्कारी ढंग से बच गए । पुलिस उप-अधीक्षक ने जवाब में गोली चलाई और एक अन्य आतंकवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया । मारे गए आतंकवादियों से, दो ए० के०-47 राईफलें, .32 बोर की एक रिवाल्वर, एक एस० बी० बी० एल० बंदूक, दो छड़ी बम और विभिन्न बोर के 155 कारतूस तथा हथियार बरामद किए गए । कुल मिलाकर तीन आतंकवादी मारे गए जिनमें दो, पुलिस उप-अधीक्षक श्री बलदेव सिंह द्वारा मारे गए ।

इस मुठभेड़ में श्री बलदेव सिंह शेखों, पुलिस उप-अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 मई, 1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 167-प्रेज/94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अवतार सिंह,
पुलिस निरीक्षक,
थाना प्रभारी,
थाना धरमकोट,
जिला—फिरोजपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 31 अक्तूबर, 1992 को निरीक्षक अवतार सिंह, थाना प्रभारी, थाना-धरमकोट, को उजागर सिंह नामक एक व्यक्ति के परित्यक्त फार्म हाउस में आतंकवादियों के छिपने के बारे में सूचना प्राप्त हुई । उनको यह भी पता चला कि आतंकवादी वहां स्वयं-भू लेफ्टि० जनरलों और एरिया कमांडरों की अन्तर-जिला बैठक में भाग लेने के लिए एकत्र हुए हैं, जिसकी अध्यक्षता गुरदास सिंह मंसूरवाल के० सी० एफ० (अफगवाल गुट) का उप-प्रधान करेगा । इसकी सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजपुर, को भी दी गई और उनके साथ विचार-विमर्श भी किया गया । पुलिस दलों को उनके छिपने के ठिकानों की ओर तुरन्त रवाना कर दिया गया । करीब 5.30 बजे पूर्वाह्न (1-11-1992) को पूरे फार्म हाउस को घेर लिया गया । तीन दलों ने फार्म हाउस को बाईं, दाईं और पिछले ओर से कवर किया जबकि निरीक्षक अवतार सिंह और उनके दल ने सामने की तरफ से मोर्चा संभाला लिया । तब निरीक्षक अवतार सिंह ने आतंकवादियों को आत्मसमर्पण कर देने के लिए ललकारा और उन्हें बताया गया कि पूरे फार्म हाउस को घेर लिया गया है, परन्तु उग्रवादियों ने पुलिस दलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी । पुलिस दलों ने आत्म-रक्षा में गोलियां चलाई । करीब 15 मिनट के बाद, निरीक्षक अवतार सिंह एक कांस्टेबल सहित चार दीवारी के साथ बने एक स्नानागार की छत पर चढ़ गए और एक वाटर टैंक के बराबर में मोर्चा संभाल लिया । उन्होंने एक उग्रवादी को पेड़ के पीछे से छिपकर जी० पी० एम० जी० से गोलियां चलाते हुए देखा । निरीक्षक अवतार सिंह ने अपनी ए० एल० आर० से उग्रवादी पर गोलियों की बौछार की और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया । इस बीच एक अन्य उग्रवादी रसोई की ओर से गोलियां चलाते हुए मुख्य द्वार की ओर भागता हुआ गया । यह देखकर, निरीक्षक अवतार सिंह ने उग्रवादी पर गोली चलाकर उसे मार गिराया ।

इस दौरान, एक सहायक उप-निरीक्षक और दो कांस्टेबलों ने फार्म हाउस की दक्षिण दिशा से एक छोटे से द्वार से फार्म हाउस में प्रवेश किया और उस उग्रवादी पर गोलियां चलायीं जो बरामदे से गोलियां चला रहा था तथा उसे मार गिराया । तत्पश्चात्, दो उग्रवादी बरामदे से गोलियां चलाते हुए बाहर आए और उन्होंने बाहरी दीवार के साथ जगह ले ली । कांस्टेबल देविन्दर सिंह, संतोख सिंह और लखविन्दर कुमार ने उन्हें मार गिराया । मृत आतंकवादियों की बाद में (1) गुरदास सिंह मंसूरवाल, (2) वासन सिंह मैनी, (3) अंगराज सिंह, (4) रघबीर सिंह उर्फ भीरा, और (5) गुरदेव सिंह रौन्ता के रूप में पहचान की गई । तलाशी लेने पर घटनास्थल से पांच इंम सहित एक जी० पी० एम० जी० और 37 जीवित कारतूस, 6 ए० के०-47 राइफलें और उनकी 18 मैगजीनें, 675 कारतूस, 5 हथगोले, 20 पैकेट विस्फोटक सामग्री, विस्फोटक तार के दो पैकेट और 10 फ्यूज बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री अवतार सिंह, पुलिस निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5

के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता दिनांक 1 नवम्बर, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 168—प्रेज 94—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री सतिन्दर सिंह
पुलिस उपाधीक्षक,
गुप्तचर,
जालंधर ।

श्री गुरनाम सिंह,
कांस्टेबल,
जालंधर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 26-11-92 को जालंधर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि गांव बरोली कलां, थाना—आदमपुर, में मनोहर सिंह फौजी नामक व्यक्ति के घर में अवैध संगठन बी० टी० एफ० के० के कुछ खूंखार आतंकवादियों ने शरण ली हुई है । जालंधर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक, गुप्तचर, को उक्त घर पर छापा मारने का निर्देश दिया। एक कमांडो दस्ते सहित बल को तीन भागों में बांट दिया गया ताकि पुलिस दलों को कवरिंग फायर प्रदान किया जा सके। श्री सतिन्दर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (गुप्तचर) और निरीक्षक रघुबीर सिंह को दाईं और बाईं ओर तैनात की गई पुलिस पार्टियों की कमांड करने और उन पर नियंत्रण रखने का कार्य सौंपा गया । गांव को चारों ओर से घेर लेने के बाद, रात को करीब 10.30 बजे, आतंकवादियों को आत्मसमर्पण कर देने के लिए ललकारा गया परन्तु आतंकवादियों ने पुलिस दलों पर अंधाधुंध गोली चलानी शुरू कर दी । पुलिस कार्मिकों ने तुरन्त आत्म रक्षा में गोलियां चलाई। पूरी रात गोलीबारी होती रही ।

27 नवम्बर, 1992 को प्रातः आतंकवादियों को समर्पण कर देने के लिए एक बार फिर से ललकारा गया परन्तु उन्होंने श्री सतिन्दर सिंह और निरीक्षक रघुबीर सिंह के नेतृत्व वाले पुलिस दलों पर गोलीबारी और तेज कर दी जिन्होंने चुनौती का डट कर मुकाबला किया। इस बीच, आतंकवादियों ने बचकर भागने का प्रयास किया जिसे विफल कर दिया गया । बचकर भागने का प्रयास करते हुए उनमें से एक आतंकवादी घायल हो गया और वह पुनः घर में घुस गया । इस बीच, एक अन्य आतंकवादी ने बचकर भागने का प्रयास किया, श्री सतिन्दर सिंह ने उस पर गोली चलाई और उसको घायल कर दिया और वह भी फिर से घर में घुस गया और पुलिस बल पर गोलियां चलाने लगा ।

इसके बाद, श्री सतिन्दर सिंह, निरीक्षक रघुबीर सिंह और कांस्टेबल गुरनाम सिंह बहादुरी के साथ आगे बढ़े और मनोहर सिंह फौजी और बलदेव सिंह के घरों की छत पर चढ़ने में सफल हो गए । उन्होंने छतों में छेद कर दिए और उनमें से घर के अन्दर हथ-गोले फेंके । दोनों ओर से गोलीबारी होने के दौरान कांस्टेबल गुरनाम सिंह की आंख पर गंभीर चोट लगी और वह गिर गए । इस बीच आतंकवादियों ने घर को आग लगा दी और देखते ही देखते घर की छत पर मौजूद पुलिस कर्मी उठती हुई लपटों में फंस गए। श्री सतिन्दर सिंह ने घायल कांस्टेबल गुरनाम सिंह को अपनी कमर पर उठाया और अपने रिवाल्वर से गोली चलाते हुए छत से नीचे उतरने में सफल हो गए। निरीक्षक रघुबीर सिंह कच्चे बने हुए कम ऊंचाई वाले घर की छत पर कूद गए । घायल कांस्टेबल रघुबीर सिंह को तुरन्त अस्पताल ले जाया गया ।

उसके बाद दमकलों ने आग बुझाई और सर्व/श्री सतिन्दर सिंह और रघुबीर सिंह द्वारा घर की तलाशी लेने पर घटना-स्थल से दो ए० के०-47 राईफलों, 4 मैगजीनों, एक मैगजीन सहित एक ए० एल० आर०, 455 बोर का एक रिवाल्वर और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद सहित आतंकवादियों के दो शव बरामद किए गए जिनकी पहचान बाद में हजूरा सिंह और ओंकार सिंह लाली के रूप में की गई ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सतिन्दर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक और गुरनाम सिंह, कांस्टेबल ने, अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26-11-1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 169-प्रेज/94—राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मन मोहन किस्कू,
राईफल-मैन,
पहली बटालियन,
टी० एस० आर०,
पश्चिमी त्रिपुरा ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 8 मई, 1992 को देर रात में सूचना प्राप्त हुई कि ए० टी० टी० एफ० के 10–12 उग्रवादियों का एक सशस्त्र गिरोह टुईणामा गांव के पास के घने जंगल में एक अकेली झोपड़ी में डेरा डाले हुए है। श्री विश्वास एस० डी० पी० ओ० और श्री एम० दास, ओ०/सी० कंचनपुर ने तत्काल एक तलाशी दल बनाया जिसमें बीस अन्य पुलिस कार्मिक तथा एक होम गार्ड था, जो शस्त्रों से सुसज्जित थे।

9 मई, 1992 को प्रातः, तलाशी दल, लक्षित स्थान के नजदीक पहुंचा और क्षेत्र को घेर लिया। उसके बाद जब तलाशी दल आगे बढ़ रहा था तो सर्वश्री विश्वास दास और किस्कू ने, आगे आकर झोपड़ी की तरफ बढ़ रहे दल का स्वयं नेतृत्व किया। उग्रवादियों को पुलिस की भनक लग गई और उन्होंने पुलिस पर गोली चलायी। पुलिस ने भी तत्काल जवाबी गोलियां चलाई। गोलीबारी के बावजूद श्री किस्कू झोपड़ी की तरफ बढ़ते रहे और इस प्रक्रिया में उग्रवादियों द्वारा चलायी गयी गोलियों के कारण वे गोली लगने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी होने के बावजूद श्री किस्कू गोलियां चलाते रहे और गोलीबारी बंद होने के बाद उन्होंने क्षेत्र की तलाशी के कार्य में भी भाग लिया। इस छोटी सी मुठभेड़ में पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गोलियों से मार गिराया जबकि गिरोह के शेष सदस्य घने जंगलों की आड़ में भाग गए।

क्षेत्र की तलाशी के दौरान पुलिस ने 7 देशी एस० बी० एम० एल० बंदूकें, एक एस० बी० एम० एल० पिस्तौल, एक एच०ई० .36 सक्रिय हथगोला, एक हेलमेट, दो कटार और ए० टी० टी० एफ० से संबंधित अन्य वस्तुएं बरामद हुईं। पुलिस दल ने उग्रवादियों के चंगुल से एक अपहृत महिला व उसके बच्चे को भी छुड़ाया।

इस मुठभेड़ में श्री मन मोहन किस्कु, राईफलमैन, ने अदम्य वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 मई, 1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 170-प्रेज/94—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री राम मगन पान्डेय
पुलिस उप-निरीक्षक
सिविल पुलिस
जिला बदायूं।

श्री सत्यपाल सिंह मलिक
पुलिस उप-निरीक्षक
सिविल पुलिस
जिला बदायूं।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 15 जनवरी, 1991 को यह सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात जयवीरा गिरोह के 7–8 सशस्त्र सदस्य हजरत गंज गांव की उत्तर दिशा के निकट गन्ने के खेतों में छिपे हुए हैं और 15 वर्षीय धर्मेन्द्र नामक लड़के को, जिसे 15/16–12–90 को अपहृत किया था, छोड़ने के बदले में 1 लाख रुपए की फिरौती की रकम का इन्तजार कर रहे हैं। यह सूचना मिलने पर, अपराधियों को पकड़ने तथा बंधक को मुक्त कराने के लिए सर्वश्री राम मगन पान्डेय, उप-निरीक्षक तथा सत्यपाल सिंह मलिक, उप-निरीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस दल, पुलिस जीप तथा निजी मोटर साईकिलों द्वारा घटना स्थल पर पहुंचा। घटना स्थल पर पहुंचने पर, दल ने घटना स्थल की भौगोलिक स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद दल को दो भागों में विभाजित किया। पहले दल को, एक उप-निरीक्षक के नेतृत्व में गन्ने के खेत की उत्तर दिशा तैनात में कर दिया गया, जबकि सर्वश्री राम मगन पान्डेय, उप निरीक्षक तथा सत्यपाल सिंह मलिक, उप-निरीक्षक तथा अन्य कांस्टेबलों के दूसरे दल को खेत की पश्चिम दिशा की ओर तैनात कर दिया गया। लगभग 11.00 बजे पूर्वाह्न, पुलिस दल ने उस स्थान की ओर बढ़ना शुरू किया और चुपके से यह सुना कि यदि पैसा नहीं लाया गया तो धर्मेन्द्र को मार डालेंगे। पुलिस दल ने यह सुनने पर, बदमाशों को आत्मसमर्पण करने और बंधक को उन्हें सौंप देने की चेतावनी दी किन्तु बदले में, अपराधियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस दल ने गोलियां चलाने में संयम बरता, जबकि उप-निरीक्षक राम मगन पान्डेय तथा सत्यपाल सिंह मलिक ने अपनी अपनी जगह ली और अपने जीवन को पूरी तरह दांव पर लगाकर, वीरता पूर्वक गोलियां की बौछार का सामना करते हुए अपराधियों को पकड़ने के लिए उनकी ओर बढ़े। उस प्रक्रिया में श्री पान्डेय, पेट में गोली लगने से जख्मी हो गए, किन्तु विचलित हुए बिना श्री पान्डेय और श्री मलिक बदमाशों के नजदीक पहुंचे और गोली

चलाना शुरू कर दिया । दोनों ओर से हुई गोली बारी में, जयवीर सिंह, संदान तथा हरबाबू नामक तीन बदमाश मार गिराये गए, जबकि गिरोह के अन्य चार सदस्य भागने में सफल हो गए । अपहृत धर्मेन्द्र को बदमाशों के चंगुल से छुड़ा लिया गया और मारे गए बदमाशों के कब्जे से, बड़ी संख्या में जीवित/खाली कारतूसों सहित तीन छोटी बंदूकें बरामद की गईं ।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री राममगन पान्डेय, पुलिस उप-निरीक्षक तथा सत्यपाल सिंह मलिक, पुलिस उप-निरीक्षक अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 जनवरी, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 171-प्रेज/94-- राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारी का नाम और पद

श्री सुधीर कुमार त्यागी,
उप-निरीक्षक,
देहरादून ।

श्री गजेन्द्र सिंह,
कांस्टेबल,
देहरादून ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

दिनांक 15 सितम्बर, 1990 को लगभग 11.00 बजे दिन में श्री राजेन्द्र सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक, को यह सूचना मिली कि स्वचालित हथियारों से लैस 6 सिक्ख उग्रवादी, स्टेट बैंक आफ पटियाला, हरिद्वार रोड़, देहरादून, में डकैती डालने के लिए घुस आये हैं। बैंक के सुरक्षा गार्ड ने गोली चलाई और उग्रवादियों में से एक को जख्मी कर दिया, जब कि अन्य अपराधियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर 11 व्यक्तियों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया, जिनमें से चार की जख्मों के कारण मृत्यु हो गई । खतरे की घंटी के बजने पर, अपराधी एक मारुति वैन, नम्बर यू० एम०यू० 8008 में बैठकर भाग निकले। इस सूचना के मिलने ही, श्री राजेन्द्र सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक, श्री ब्रह्मपाल सिंह, निरीक्षक, श्री सुधीर कुमार त्यागी, उप-निरीक्षक, वीरपाल सिंह, उप-निरीक्षक, जगवीर सिंह अत्री, उप-निरीक्षक तथा कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह के साथ अपराधियों का पीछा करने के लिए चल दिये । कुछ दूर जाने पर उन्होंने पाया कि जिस गाड़ी से अपराधी भाग रहे थे वह कुंआ वाले मंदिर के पास, जंगल के सामने लावारिस खड़ी हुई है । श्री राजेन्द्र सिंह ने, उपलब्ध बल को दो दलों में विभाजित कर दिया और पहले दल का नेतृत्व उन्होंने स्वयं संभाला । इस दल में श्री ब्रह्म पाल सिंह, निरीक्षक, सुधीर कुमार त्यागी, उप-निरीक्षक, वीरपाल सिंह, उप-निरीक्षक तथा कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह शामिल थे जबकि दूसरे दल का नेतृत्व श्री जगवीर सिंह अत्री, उप-निरीक्षक द्वारा किया गया ।

लगभग 12.30 बजे अपराह्न, श्री राजेन्द्र सिंह और उनके दल ने देखा कि कुछ अपराधी झाड़ियों में छिपे हुए हैं । उन्होंने अपराधियों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा । अपराधियों में से एक ने अपने साथियों को जोर से आवाज लगाई और पुलिस दल पर गोलियां चलाने को कहा । तत्काल ही अपराधियों ने पुलिस दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी । अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी के कारण श्री एस० के० त्यागी, उप-निरीक्षक तथा श्री गजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल गंभीर रूप से जख्मी हो गए । इस बीच, श्री राजेन्द्र सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक, निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह तथा उप-निरीक्षक वीरपाल सिंह ने पोजीशन ली और अपराधियों पर भारी गोली बारी शुरू कर दी, जिसके परिणाम स्वरूप अप-राधियों में भगदड़ मच गयी । श्री जगवीर सिंह अत्री, जोकि क्षेत्र की घेराबन्दी कर रहे थे, भाग रहे अपराधियों में से एक को पकड़ने में कामयाब हो गए, जिसने अपने आपको गुरदीप सिंह, निवासी अमृतसर, और के० एल० एफ० का सदस्य बताया । गुरदीप सिंह से की गई पूछताछ के बाद गिरोह के सरगना, के० एल० एफ० के स्वयंभू लेफ्टि० जन० रविन्दर सिंह उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया गया ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सुधीर कुमार त्यागी, उप-निरीक्षक तथा गजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 सितम्बर, 1990 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 172-प्रेज 94—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री शैलेन्द्र सागर,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
झांसी ।

श्री शिव प्रसाद शर्मा,
पुलिस निरीक्षक,
झांसी ।

श्री ओ० पी० एस० गहलोत,
पुलिस उप-निरीक्षक,
झांसी ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

कुछ अपराधियों ने श्री विजय सेठी, प्रापर्टी डीलर का अपहरण किया । उन अपराधियों ने 50 लाख रू० की फिरौती मांगी, जो अततः 3 लाख रू० पर तय हुई और जिसे श्रीमती सेठी द्वारा होटल मधुबन, मथुरा में दिया जाना था । इस व्यवस्था के बारे में पुलिस को सूचित किया गया, और पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी, श्री शैलेन्द्र सागर के नेतृत्व में जाल बिछाया । 6-8-91 को श्रीमती सेठी लगभग 11.00 बजे होटल मधुबन पहुंची और लगभग 1600 बजे दो व्यक्ति होटल में पहुंचे और श्रीमती सेठी के बारे में पूछताछ की तथा उसके कमरे में गए और फिरौती की राशि से भरे ब्रीफकेश को लिया और एक कार में बैठकर चले गए । श्री शैलेन्द्र सागर ने, सर्व श्री शिव प्रसाद शर्मा और श्री ओ० पी० एस० गहलोत, उप-निरीक्षक के साथ, जो पहले दिन होटल में पहुंच गए थे, कारा का पीछा किया । अपराधी गोकुल रेस्तरा और बार में गए, जहां ब्रीफकेश को रेस्तरा के बगीचे में बैठे व्यक्तियों के एक ग्रुप को दे दिया गया । पुलिस पार्टी जब वहां पर पहुंची तो उसने अपहृत व्यक्ति विजय सेठी को पहचान लिया और उनमें से कुख्यात अपराधी बृज मोहन शर्मा की शिनाख्त कर ली । उसके बाद श्री सागर ने उपलब्ध बल को, गिरोह को तीन दिशाओं से घेरने के लिए तैनात किया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा । बृज मोहन ने तत्काल श्री सागर पर गोली चलाई और अपने साथियों के साथ उसने राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ भागना शुरू कर दिया । गोलीबारी से विचलित हुए बिना, सर्व श्री सागर, शर्मा और गहलोत ने अत्यधिक सतर्कता दिखाई और अपने जीवन को भारी खतरे में डालते हुए डकैतों का पीछा किया और लगभग दो घंटे तक चली इस गोलीबारी में बृज मोहन शर्मा सहित चार अपराधी मारे गए । मुठभेड़ के स्थान से दो लाख रूपयों से भरा हुआ ब्रीफकेस और उनके हथियार बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री शैलेन्द्र सागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शिव प्रसाद शर्मा, निरीक्षक और ओ० पी० एस० गहलोत, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 अगस्त, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 173-प्रेज-94—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश, पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री रवीन्द्र कुमार सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
स्टेशन आफिसर पुलिस चौकी निगोही,
जिला शाहजहांनपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया है ।

जिला शाहजहांनपुर की पुलिस चौकी निगोही के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत तराई क्षेत्र आतंकवादियों की शरणगाह था और के० सी० एफ० (पंजवार ग्रुप) के सवेन्द्र सिंह और पप्पू का गिरोह इस क्षेत्र में बहुत सक्रिय था । 6-4-93 को एक मुखबिर ने निगोही के एस० ओ०, श्री आर० के० सिंह को सूचित किया कि घातक हथियारों से लैस 5-6 आतंकवादी, जोगेन्द्र सिंह के झाला में स्थानीय सिखों से धन ऐंठ रहे हैं । सूचना प्राप्त होते ही, श्री सिंह ने तत्काल पर्याप्त बल एकत्र किया और उग्रवादियों को पकड़ने के लिये चल पड़े । गांव घनशानपुर पहुंचने पर, जहां आतंकवादियों को अन्तिम बार देखा गया था, श्री सिंह ने बल को दो ग्रुपों में विभाजित किया, एक ग्रुप का नेतृत्व उप निरीक्षक मोहम्मद बाबर ने किया, जिसे झाला की तरफ जाने और दक्षिणी और पूर्वी दिशा को कवर करने के लिये कहा गया, जबकि श्री सिंह के नेतृत्व में दूसरा दल एक सूखे नाले से जोगिन्द्र सिंह के झाले की तरफ बढ़ा । मुखबिर ने एस० ओ० को संकेत किया कि सशस्त्र उग्रवादी लगभग 100 कदम दूर, और झाला के दक्षिणी किनारे पर पश्चिम सेट के ठीक

नजदीक उपस्थित हैं। श्री सिंह ने उग्रवादियों को घेरने और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिये मजबूर करने की रणनीति बनाई। तदनुसार ही श्री सिंह ने दो कांस्टेबलों को उत्तर की ओर बढ़ने को कहा जबकि एक उप निरीक्षक को झाला की पश्चिम दिशा में घेरा डालने को कहा गया। श्री सिंह ने सामने से स्वयं दस्ते का नेतृत्व किया। श्री सिंह रबी की फसल के बीच रेंगते हुए आगे बढ़े, लेकिन उग्रवादियों ने अचानक उन्हें देख लिया और उन पर गोलियां चलाईं, लेकिन श्री सिंह विचलित नहीं हुए और आगामी खतरे के बावजूद आगे बढ़े और नजदीक पहुंचने में कामयाब हो गये और तब उन्होंने अपनी एस० एल० आर० से आतंकवादियों पर गोलियां चलाईं, जिससे एक आतंकवादी जख्मी हो गया, जिसकी बाद में जख्मों के कारण मृत्यु हो गई। इसी बीच जोगेन्द्र सिंह के झाले से अन्य उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाईं। श्री आर० के० सिंह और उनके दल ने रबी की फसल की आड़ का लाभ उठाते हुए जवाबी गोलियां चलाईं। मुठभेड़ में एक आतंकवादी दक्षिण की तरफ भागा जहां उसका सामना उप निरीक्षक श्री दिवाकर से हुआ, जिन्होंने जोगिन्द्र सिंह के झाले के अन्दर तक उसका पीछा किया। यह देखने पर श्री सिंह ने झाले के ईर्द-गिर्द घेरा कड़ा कर दिया और उग्रवादी को आत्मसमर्पण करने के लिये ललकारा, जिसने चेतावनी पर कोई ध्यान नहीं दिया और खिड़की से लगातार गोलियां चलाता रहा। श्री आर० के० सिंह ने उस कमरे की ओर रेंगते हुए जाने का निश्चय किया जहां से गोलियां चलाई जा रही थीं लेकिन उग्रवादियों ने श्री सिंह की गति-विधि देख ली और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। श्री सिंह सौभाग्य से बच गये और पूरी शक्ति के साथ जवाबी गोलियां चलाईं जिससे एक उग्रवादी गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद श्री सिंह के नेतृत्व वाले दल ने झाले में प्रवेश किया जहां उन पर उग्रवादियों ने गोलियों की बौछार कर दी। पुलिस पार्टी ने आड़ ली और अपने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं, जिससे दो उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारे गये। मारे गये तीन उग्रवादियों की शिनाख्त सरवेन्दर सिंह उर्फ पप्पू, सतनाम सिंह उर्फ सत्ता और गुरमीत सिंह उर्फ मित्ता के रूप में की गई, जिनके कब्जे से 28 कारतूसों के साथ एस० बी० बी० एल० गन, मेगजीन और 42 सक्रिय कारतूसों सहित एक 303 बोर की राईफल, और मेगजीन और 9 सक्रिय कारतूसों सहित एक 315 बोर की राईफल बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में श्री रवीन्द्र कुमार सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6-4-93 से दिया जायेगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर, 1994

सं० 174-प्रेज 94.—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री मेहमा सिंह,
निरीक्षक,
107वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया है।

कुछ सूचना प्राप्त होने पर 9-11-92 को सौरा में (अवान्ते भवन) सीमा सुरक्षा बल द्वारा श्री एम० एस० चौहान, उप-कमान्डेन्ट के नेतृत्व में एक संयुक्त सी० ए० टी० अभियान आयोजित किया गया। जब पार्टी लगभग 1100 बजे इलाहीबाग से बगत-ए-सौरा की तरफ जा रही थी तो सी ए० टी० ने एक उग्रवादी को देखा जो एक मकान के अन्दर जा रहा था और सीमा सुरक्षा बल के कुछ कार्मिकों ने उसे गिरफ्तार करने के लिये उसका पीछा किया। तथापि, उग्रवादी घर के अन्दर प्रवेश करने में सफल हो गया। जब सीमा सुरक्षा बल की पार्टी ने घर के निवासियों को बाहर निकालने का प्रयास किया तो, भारी संख्या में घर के अन्दर और आस-पास के मकानों में छिपे उग्रवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी की, जिसमें हथगोलों और यू० एम० जी० का प्रयोग भी किया गया। इसके परिणामस्वरूप सीमा सुरक्षा बल के कुछ कार्मिक जख्मी हो गये और उनके वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। श्री एम० एस० चौहान ने तुरन्त अत्यधिक सतर्कता और सूझबूझ से कार्य किया और उग्रवादियों द्वारा सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ियों पर फैंके गये एक हथगोले को, जो फटने ही वाला था, उठाया और शीघ्र ही वापस आतंकवादियों पर फैंक दिया, जिससे उन्होंने अपने आदमियों की बहुमूल्य जानें बचाईं। उग्रवादियों पर वापस फैंका गया हथगोला फट गया और इससे उग्रवादियों का विरोध खत्म हो गया। इस कार्यवाही के प्रभारी अधिकारी ने कुमुक के लिये सन्देश भेजा। सूबेदार मेहमा सिंह, जो कमान्डों का प्रभारी था, अपने कार्मिकों के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिये मजबूर करने के लिये परिसर के अन्दर जाने के लिये स्वयं आगे आए। वे अपने कार्मिकों के साथ, उग्रवादियों द्वारा उन पर की जा रही भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए तथा अपने जीवन के लिये उत्पन्न भारी खतरे के बावजूद घर में घुसे और एक उग्रवादी को मारने तथा अन्य उग्रवादियों को घर से बाहर निकालने के लिये मजबूर करने में सफल हो गये। श्री एम० एस० चौहान, डिप्टी कमांडेंट, मेहमा सिंह, निरीक्षक और पार्टी के अन्य सदस्यों ने मकान पर और भारी गोलीबारी की। यह लड़ाई लगभग 5 घण्टे तक चली और इसके परिणाम-स्वरूप एच० यू० एम० के प्रमुख सहित 7 कुख्यात उग्रवादी मारे गये और 4 ए० के०-56 राईफलें, 16 मैगजीन और 13 राउण्ड गोला बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री मेहमा सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9-11-92 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 175-प्रेज/94 —राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री एस० सी० मिश्रा, (मरणोपरान्त)
निरीक्षक,
स्टेशन मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, बांदीपुर

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

15/16 सितम्बर, 1993 के बीच की रात को यह सूचना मिलने पर कि० एच० एम० गिरोह के 10 खूंखार उच्च पदस्थ उग्रवादी, श्रीनगर-बांदीपुर रोड पर गांव —बाजीपुरा में छिपने के तीन ठिकानों पर उपस्थित हैं, तो उग्रवादियों का सफाया करने के लिए दिनांक 16 सितम्बर, 1993 को सीमा सुरक्षा बल के एक छापामार दल को भेजा गया । छापामार दल को तीन ग्रुपों में विभाजित किया गया, पहले ग्रुप का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल की 173 वीं बटालियन के कमांडेंट ने, दूसरे का जे० ए० डी० (जी) बांदीपुर ने तथा तीसरे का सूबेदार (जी) एस० सी० मिश्रा ने किया प्रत्येक दल को उग्रवादियों के छिपने के ठिकानों पर अलग अलग छापे मारने का काम सौंपा गया था । और सूबेदार जी एस० सी० मिश्रा के नेतृत्व वाले दल को उग्रवादियों के छिपने के मुख्य ठिकाने पर छापा मारना था ।

जब, श्री एस० सी० मिश्रा के नेतृत्व वाला दल, लक्षित स्थान के नजदीक पहुंचा तो मकान के अन्दर से उग्रवादियों द्वारा उन पर भारी गोलीबारी की गई । स्थिति का जायजा लेने और अपने दल को युक्तिपूर्ण ढंग से तैनात करने के बाद, श्री मिश्रा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए छिपने के ठिकाने के खुले हुए दरवाजे की तरफ रेंगते हुए आगे बढ़े और अपनी ए० के०-56 राईफल से भारी गोलीबारी की और दो उग्रवादियों को घटना स्थल पर ही मारने में सफल हो गए । उनके पेट में गोली लगने से वे स्वयं गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । उन्होंने जख्मों के कारण मृत्यु होने से पूर्व इस प्राणान्तक पीड़ा की परवाह न करते हुए, वे प्रभावी ढंग से जवाबी गोलियां चलाते रहे और एक आतंकवादी को मार गिराया । श्री मिश्रा को मृत, देखकर बाकी उग्रवादियों ने खुले दरवाजे से भागने की कोशिश की और उनमें से दो, वहां पर पहले से तैनात छापामार दल के द्वारा मारे गए । इसी बीच अन्य छापामार दल भी वहां पहुंच गया तथा तीन और उग्रवादियों को मारने में सफल हो गए। सीमा सुरक्षा बल के छापामार दल ने 8 खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने में सफलता प्राप्त की, जिनमें से तीन, श्री एस० सी० मिश्रा, निरीक्षक, द्वारा मार गिराये गये थे, जिन्होंने बल की सर्वोच्च परम्परा को बनाए रखते हुए राष्ट्र के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया । निम्नलिखित हथियार और गोला बारूद की बरामद किया ।

(1)	ए० के० —56 राईफल	7
(2)	ए० के० —56 की मैगजीन	13
(3)	पिस्तौल	1
(4)	ए० के०—56 राईफल के सक्रिय कारतूस	191
(5)	पिस्तौल की मैगजीन	1
(6)	पिस्तौल की बिना चली गोलियां	6
(7)	हथगोला	1
(8)	व्हाईट बम	1
(9)	पोर्टोफोन (वी० एच० एफ०)	1

इस मुठभेड़ में श्री एस० सी० मिश्रा, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15-9-1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर, 1994

सं० 176-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री एस० पी० आजाद (मरणोपरान्त)
सहायक कमान्डेन्ट
69वीं बटालियन, सी० सु० ब०

श्री हरमेश लाल
कांस्टेबल
76वीं बटालियन, सी० सु० ब०

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है

18-10-1992 को यह सूचना प्राप्त हुई कि-कुछ कट्टर उग्रवादी श्रीनगर के, तांगपुरा में, एक घर में शरण लिए हुए हैं। श्री एस० पी० आजाद तथा श्री ए० के० एक्का के नेतृत्व में एक कमान्डो पलाटून को उग्रवादियों को पकड़ने का काम सौंपा गया। अपने दल सहित श्री ए० के० एक्का ने घर को चारों तरफ से घेरने की जिम्मेदारी संभाली और श्री एस० पी० आजाद को उनके सहित, घर में घुसने और उग्रवादियों को पकड़ने का काम सौंपा गया। घेरा डालने के बाद, श्री आजाद ने उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा, किन्तु उग्रवादियों ने बिल्डिंग की पहली मंजिल से दो हथगोले फैंके और इसके बाद भारी गोलीबारी की। भारी गोलाबारी के बावजूद श्री आजाद और कांस्टेबल हरमेश लाल, घर की पहली मंजिल पर पहुंचने में कामयाब हो गए। विशेष तौर पर छिपने के लिए बनाई गयी एक नकली गुहा में छिपे होने के कारण, वे उग्रवादियों का पता नहीं लगा सके। अपनी निजि सुरक्षा की परवाह न करते हुए, श्री आजाद और कांस्टेबल हरमेश लाल छिपने के स्थान की ओर आगे बढ़े जहां से गोलियां आ रही थी। अचानक एक धमाका हुआ जिससे श्री आजाद के जबड़े, हाथ और छाती जख्मी हो गए। इस प्रक्रिया में कांस्टेबल हरमेश लाल का बांया पैर भी जख्मी हो गया। गंभीर रूप से जख्म होने के बावजूद श्री आजाद रेंगते हुए आगे बढ़े और उग्रवादियों पर गोलियां चलायीं और उनमें से एक को मार गिराया। इसी बीच कांस्टेबल हरमेश लाल भी आगे बढ़ा और एक उग्रवादी पर झपटा और उसे वहीं मार गिराया।

2. अन्य उग्रवादी बाहर निकल आये और श्री ए० के० एक्का के दल के साथ उलझ गए। श्री एक्का बिजली की गति से आगे बढ़े और जबाबी गोली चलायी तथा विद्रोहियों में से एक को वहीं मार गिराया। चौथा उग्रवादी श्री एक्का के दल द्वारा मार गिराया गया। सर्वश्री एस० पी० आजाद तथा हरमेश लाल को श्रीनगर अस्पताल ले जाया गया, किन्तु बाद में बहुत से जख्मों के कारण, श्री आजाद की आपरेशन थियेटर में ही मृत्यु हो गयी।

3. बाद में मारे गए उग्रवादियों की शिनाख्त 1 (रियाज अहमद उर्फ हैदर अली, 2) अब्दुल रशीद दार उर्फ फयाज, 3) अब्दुल कयूम दार उर्फ सैयद तथा 4 अब्दुल रहमान दार उर्फ मौलवी के रूप में की गई। तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से 3 मैग्जीनों सहित 2 ए० के० 56 राइफलें, एक छड़ी हथगोला तथा बड़ी संख्या में जीवित/खाली कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री एस० पी० आजाद, सहायक कमान्डेन्ट, और श्री हरमेश लाल कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18-10-1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 177-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जी० एस० भोमिया,
कमांडेंट,
8वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

26 फरवरी, 1992 को ऋषि नगर के क्षेत्रों से उग्रवादियों को खदेड़कर बाहर निकालने के लिए श्री जी० एस० भोमिया, कमांडेंट, 8वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया था। श्री जी० एस० भोमिया की सम्पूर्ण कमांड के अधीन, सर्वश्री हेमन्त कुमार और अजीज खान, सहायक कमांडेंट द्वारा सैनिकों का नेतृत्व किया गया। उन्होंने बर्फ में 10 कि० मी० की दूरी पैदल जल कर तय की। वहां पहुंचने पर दिन निकलने से पहले उन्होंने गांव को घेर लिया। दिन निकलते ही उग्रवादियो ने गांव में से सीमा सुरक्षा बल के सैनिकों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। श्री भोमिया ने स्वयं एक कमांडो प्लाटून का नेतृत्व किया और घरों की ओर गए जहां से कुछ उग्रवादी गोलियां चला रहे थे। श्री भोमिया ने मंजूर एहमद नामक एक व्यक्ति को पकड़ लिया जिसकी बाद में पाक-प्रशिक्षित एक उग्रवादी के रूप में पहचान की गई। उसकी निशानदेही पर एक मस्जिद से दो ए० के० राईफलें बरामद की गई।

श्री अजीज खान को प्रारम्भ में उत्तर-पूर्वी दिशा को कवर करने का कार्य सौंपा गया था । उसके बाद उन्हें एक मस्जिद से उग्रवादियों को बाहर निकालने का कार्य सौंपा गया । वह अपनी जान की परवाह किए बिना तुरन्त अपने साथियों के साथ उस क्षेत्र की ओर बढ़ गए और 3 ए० के०–56 राईफलों सहित तीन उग्रवादियों को पकड़ने में सफल हो गए ।

इस बीच, श्री हेमन्त कुमार ने उग्रवादियों की गोलीबारी के बीच घरों की तलाशी ली और एक पाक-प्रशिक्षित उग्रवादी को पकड़ने में सफल हो गए । गिरफ्तार किए गए उग्रवादी के–बताये पर श्री हेमन्त कुमार ने एक मस्जिद में छापा मार कर 4 ए० के०–56 राइफलें तथा एक हथगोला बरामद किया । उन्होंने गांव चाक ऋषिनगर के एक अन्य छिपने के ठिकाने की तलाशी ली और दो राकेटों सहित एक राकेट लांचर बरामद किया । चूंकि अधिकाधिक उग्रवादी गिरफ्तार किए जा चुके थे, इसलिए गांव के अन्दर से हो रही गोलीबारी रुक गई थी । मुठभेड़ लगभग छह घंटे तक चली । मुठभेड़ में कुल मिलाकर 10 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए तथा उग्रवादियों के पास से एक राकेट लांचर और 2 राकेट और एक बूस्टर, 7 ए० के०–56 राईफलें और उसकी 10 मैगजीनें तथा 187 राउंड, एक रिवालवर और एक हथगोला बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री जी० एस० भोमिया, कमांडेंट, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक का बार नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26-2-1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 178–प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री विशम्बर दयाल शर्मा,
उप-निरीक्षक,
19 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री कपिल देव दीक्षित,
कांस्टेबल,
19 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

20 सितम्बर, 1992 को उप-निरीक्षक बी० डी० शर्मा, नारबल चौकी के चौकी कमान्डर को पता चला कि श्रीनगर-नीयू सड़क पर एक पुलिया को उग्रवादियों ने उड़ा दिया है । उन्होंने बटालियन मुख्यालय को सूचित किया और सूचना की सत्यता का पता लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल के 8कार्मिकों (कपिल देव दीक्षित सहित) की एक गश्ती दल को लेकर चल पड़े । लगभग 16.30 बजे जब पार्टी नारबल से क्रास कन्ट्री रास्ते से होकर सड़क की तरफ जा रही थी तो उन्हें एक एम्बेस्डर कार (टैक्सी) दिखायी दी । जब वाहन लगभग 100 गज की दूरी पर था तो श्री शर्मा को, वाहन की खिड़की से एक धातु की ट्यूब की चमक दिखायी दी । उन्हें संदेह हुआ कि यह गन की नाल हो सकती है । उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और इस निर्णय पर पहुंचे कि हो सकता है उस वाहन में उग्रवादी सफर कर रहे हों । उन्होंने अपने कार्मिकों को मोर्चा सम्भालने के लिए कहा और श्री शर्मा, कांस्टेबल दीक्षित के साथ तुरन्त सड़क की तरफ गए और टैक्सी को रूकने का संकेत दिया । टैक्सी ड्राईवर ने वाहन को रोका लेकिन इंजन को चालू रखा । जब श्री शर्मा टैक्सी के नजदीक पहुंचे तो अन्दर बैठे एक उग्रवादी ने अपनी ए० के०–47 राईफल को श्री शर्मा की ओर तान दिया, इस पर श्री शर्मा ने अपनी राईफल को टैक्सी ड्राईवर के सिर की ओर ताना और दूसरे हाथ से उग्रवादी की राईफल पकड़ ली । इस बीच श्री दीक्षित ने मोर्चा सम्भाला और श्री शर्मा को आड़ पहुंचाई । जब यह गुत्थम-गुत्था हो रही थी तो दूसरी तरफ के पीछे के दरवाजे से सशस्त्र उग्रवादी चुपके से लुढ़क कर टैक्सी से बाहर निकल आए और उन्होंने श्री शर्मा पर गोलियां चलाना शुरू कर दी । इस पर कांस्टेबल दीक्षित ने, श्री शर्मा को आड़ पहुंचाने के लिए गोलियों का जवाब गोलियों से दिया । इसी बीच श्री शर्मा टैक्सी के भीतर बैठे उग्रवादी से राईफल छीनने में सफल हो गए । उसके बाद उग्रवादी कूदकर टैक्सी से बाहर आ गया और उसने भागने की कोशिश की । तथापि श्री शर्मा ने भाग रहे उग्रवादी पर गोलियां चलायीं और उसे मार गिराने में कामयाब हो गए । उसके बाद सर्व/श्री शर्मा और दीक्षित ने दो अन्य उग्रवादियों को मार गिराया । मृतक उग्रवादियों की शिनाख्त बाद में (I) मो० शफी खान्डे उर्फ शेख मुजामिल (II) अब्दुल अहद और (III) अब्दुल रहसीद के रूप में की गयी । तलाशी के दौरान, मुठभेड़ के स्थान से एक ए० के०–47 राईफल, 4 ए० के०–56 राइफल, 3 हथगोले और बड़ी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया ।

इसी बीच पार्टी के अन्य कार्मिकों ने 4 उग्रवादियों को दबोच लिया ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री बिशम्बर दयाल शर्मा, उप-निरीक्षक और कपिल देव दीक्षित, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 20 सितम्बर, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 179-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जगजीत सिंह भल्ला,
सेकन्ड-इन-कमान्ड,
102 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

24 सितम्बर, 1992 को श्री भल्ला को, गांव नरान, जिला-राजोड़ी के नजदीक, छिपने के एक स्थान से अत्याधुनिक हथियारों से लैस 6 पाक प्रशिक्षित उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का एक विशेष कार्य सौंपा गया । श्री भल्ला ने इस चुनौती भरे कार्य को तत्काल स्वीकार किया और सावधानी-पूर्वक योजना बनायी । श्री भल्ला अपने दल के साथ 24/25 सितम्बर, 1992 की मध्य रात्रि को उस क्षेत्र में पहुंचे । उग्रवादियों को भौंचक्का करने की दृष्टि से श्री भल्ला ने उनके छिपने के स्थान पर तेज गति से छापा मारने का निर्णय लिया । श्री भल्ला ने सामने से असाल्ट ग्रुप का नेतृत्व किया, उस घर पर गोलीबारी की जिसमें उग्रवादी छिपे हुए थे । भारी मात्रा में शस्त्रों से लैस उग्रवादियों को जवाबी कार्रवाई करने के लिए समय दिये बिना, श्री भल्ला स्वयं एक उग्रवादी पर झपट पड़े जिसने गोली चलाने के लिए अपनी ए० के०-47 राईफल उठा ली थी । श्री भल्ला ने उसके हथियार की नाल को ऊपर की ओर मोड़ दिया। इस कार्रवाई के दौरान उग्रवादी ने अपनी राईफल की मूठ से श्री भल्ला के सिर पर चोट मारी और अधिकारी को अक्षम कर देने की कोशिश की । लेकिन वे इससे विचलित नहीं हुए और अपने जख्मों और अत्यधिक दर्द की परवाह किए बिना श्री भल्ला ने भारी लड़ाकू शक्ति और सहन शक्ति का परिचय दिया। उन्होंने अपनी 9 एम० एम० पिस्तौल उग्रवादी के सिर पर बार-बार मारी और उसकी राईफल को झपट लेने में कामयाब हो गए । इसी बीच एक दूसरे उग्रवादी ने एक हथगोला निकाला और उसे अपने मुंह से सक्रिय करने की कोशिश की । श्री भल्ला ने उग्रवादी के हाथ पर अपनी पिस्तौल मारी और हथगोले को नीचे गिरा दिया । इस प्रकार से श्री भल्ला ने दोनों उग्रवादियों को दबोच लिया । शेष चार उग्रवादियों को सीमा सुरक्षा बल के अन्य कार्मिकों ने दबोच लिया । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों की शिनाख्त (I) मो० इशाक उर्फ शेरजार खान (II) अब्दुल हामिद उर्फ जफर (III) मन्जूर अहमद उर्फ उमर मुश्तियार, (IV) मो० बकबूल उर्फ मो० अब्बास, (V) बरकत हुसैन उर्फ परवेज और (VI) मुंशी कटारिया उर्फ कबीर के रूप में की गयी। तलाशी के दौरान उग्रवादियों से 5 ए० के०-56 राईफलें, एक ए० के०-47 राईफल, दो रिवाल्वर, एक 38 बोर पिस्तौल, 18 ए० ई०-32 हथगोले, 18 राईफल हथगोले, बड़ी मात्रा में कारतूस और भारत/पाकिस्तानी मुद्रा बरामद की गयी ।

इस मुठभेड़ में श्री जगजीत सिंह भल्ला, सेकन्ड-इन-कमान्ड ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 सितम्बर, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 180-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री पी० एस० घूमन,
पुलिस उप निरीक्षक,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री सुपरियन सोरंग,
कान्स्टेबल,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

सिल्लूरा और लित्तर क्षेत्रों में कुछ उग्रवादियों की गति-विधियों के बारे में सूचना प्राप्त होने पर उग्रवादियों की

गतिविधियों का पता लगाने के लिए 1 सितम्बर, 1991 को लगभग 12 बजे एक उप निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष गस्ती दल भेजा गया । उप-निरीक्षक पी० एस० घूमन के नेतृत्व वाले दल ने जब गांव निल्लूरा पार किया तो धान के खेतों और ऊंचे मैदानों से उग्रवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी की । सीमा सुरक्षा बल की पार्टी ने तत्काल मोर्चा सम्भाला और आत्मरक्षा में जवाबी गोलियां चलायी और धान के खेतों में उग्रवादियों के मोर्चे की तरफ आगे बढ़ते रहे ।

उग्रवादियों द्वारा की गयी भारी गोलीबारी के कारण उप-निरीक्षक घूमन की पार्टी अपनी जगह से बिल्कुल नहीं हिली और इस कार्रवाई में कान्स्टेबल सुपरियन सोरंग गोली लगने से जख्मी हो गए । यह देखने पर उप-निरीक्षक घूमन ने तुरन्त आगे बढ़कर गोली चलायी और एक उग्रवादी को मार गिराया । इसी बीच कान्स्टेबल सुपरियन सोरंग, दायीं टांग में गोली लगने से जख्मी होने के बावजूद, आगे बढ़े और उप-निरीक्षक घूमन के साथ मिलकर एक उग्रवादी को मारने में कामयाब हुए । उसके बाद, उप-निरीक्षक घूमन ने, उग्रवादियों की संख्या को देखते हुए कुमुक के लिए संदेश भेजा । उन्होंने अपने कमांडेंट एस० के० सेठ को यह भी सूचित किया कि उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी को सभी दिशाओं से घेर लिया है और जख्मी कान्स्टेबल को सुरक्षित स्थान पर ले जाना भी कठिन है । श्री सेठ एम० एम० जी० डिटेचमेन्ट और मेडीकल आफिसर सहित एक कम्पनी के साथ तुरन्त घटनास्थल की ओर गए । जब पार्टी रास्ते में निल्लूरा की तरफ जा रही थी तो गांव लाक्षीपोरा पर उग्रवादियों ने इस पर घात लगायी । श्री सेठ तत्काल एक प्लाटून के साथ आगे बढ़े और नियंत्रित गोलीबारी की तथा उग्रवादियों को पीछे हटने के लिए मजबूर किया । उसके बाद श्री सेठ टुकड़ियों को आगे ले गए और गांव निल्लूरा पहुंचे । वहां पहुंचने पर श्री सेठ ने कमान्डो प्लाटून और एम० एम० जी० डिटैचमेन्ट के साथ उग्रवादियों पर गोलियां चलायीं । जब वे कीचड़ वाले धान के खेतों में आगे बढ़ रहे थे तो उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलायीं लेकिन सौभाग्यवश वे बच गए। श्री सेठ ने तत्काल अपनी ए० के०–47 राईफल से जवाबी गोलियां चलायीं और एक उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया और उसकी राईफल जब्त कर ली । श्री सेठ, उग्रवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के बीच जख्मी कान्स्टेबल सुपरियन सोरंग को वहां से बाहर निकाल लाए और उन्हें सैनिक अस्पताल, श्रीनगर ले गए । दाहिने पैर में नीचे के हिस्से में गोली लगने से हुए जख्म और दोनों हड्डियों में कम्पाउन्ड फ्रैक्चर हो जाने के कारण श्री सुपरियन सोरंग का आपरेशन किया गया और उनके दाहिने पांव के नीचे के हिस्से को काटना पड़ा । इसी बीच दोनों ओर से हुई भारी गोलीबारी के दौरान तीन और उग्रवादी मारे गए और देखा गया कि उनके शव दूसरे उग्रवादी आगे की पहाड़ी की तरफ ले गए । इस मुठभेड़ में कुल 11 उग्रवादी मारे गए (कुख्यात उग्रवादी अब्दुल रशीद बक्शी सहित, जो पुलवामा जिले के एच० एम० का जिला कमान्डर था)। तलाशी के दौरान, भारी मात्रा में शस्त्र और गोला बारूद तथा उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में बहुमूल्य दस्तावेज बरामद किए गए और 39 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पी० एस० घूमन, उप-निरीक्षक और सुपरियन सोरंग, कान्स्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 1 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 181–प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री रनवीर सिंह, (मरणोपरान्त)
उप-कमान्डेन्ट,
137 वीं बटालियन,
सी० सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

13 मई, 1992 को लगभग 10.30 बजे पूर्वाह्न को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ उग्रवादी गांव कंगनवाला में पंजाब नेशनल बैंक में डाका डाल रहे हैं । सूचना प्राप्त होने पर, 137वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल के उप-कमांडेंट श्री रनवीर सिंह 11 कार्मिकों के साथ तुरन्त घटनास्थल की ओर रवाना हुए । वहां पहुंचने पर उन्हें यह मालूम हुआ कि उग्रवादी, बैंक भवन की पीछे की दीवार पर चढ़कर भाग गए ।

श्री सिंह ने, अपनी पार्टी के साथ, भाग रहे उग्रवादियों का पीछा किया । उग्रवादियों के भागने के रास्ते के विषय में गांव वालों से सूचना प्राप्त होने पर, सीमा सुरक्षा बल की पार्टी ने गांव–बथा, थाना–अहमदगढ़, जिला संगरूर का घेराव कर लिया । श्री सिंह ने, अपनी पार्टी के साथ, भागने के मुख्य रास्ते को बन्द कर दिया । कुछ समय के बाद श्री सिंह ने देखा कि दो व्यक्ति स्कूटर पर आ रहे हैं । उन्होंने उनसे रुकने के लिए कहा । सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों को देखने पर, दोनों उग्रवादियों ने अपना स्कूटर छोड़ दिया और नजदीक के मकानों में घुस गए । श्री रनवीर सिंह ने उग्रवादियों का पीछा किया और उनमें से एक उग्रवादी को

से भरे एक कमरे में छिपते हुए देखा । समय गवाए बिना, श्री रनवीर सिंह उस कमरे की छत पर चढ़ गए और अपने सर्विस हथियार से गोली चलायी और एक छेद से कमरे में पांच हथगोले फेंके । उग्रवादियों ने जवाब में गोली चलाई । श्री रनवीर सिंह द्वारा एक उग्रवादी मारा गया । दूसरे उग्रवादी के विषय में कोई सुराग न मिलने पर कमरे में रखी गेहूं की भूसी को आग लगा दी गयी । उसके बाद फायर टेन्डर की सहायता से उस जगह की तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान उग्रवादियों का एक शव गोलियों से छलनी किया हुआ और दूसरा शव जला हुआ बरामद किया गया । आगे तलाशी लेने पर मुठभेड़ के स्थान एक-एक ए० के०–47 राईफल, एक .32 बोर का रिवाल्वर, एक चीन निर्मित हथगोला और सक्रिय/खाली कारतूस बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री रनवीर सिंह, उप कमान्डेन्ट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 13 मई, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 182-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अश्वनी कमार, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
172वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

30-3-1993 को लगभग 11.45 बजे सीमा सुरक्षा बल की 172 वीं बटालियन के कमांडेंट को एक संदेश प्राप्त हुआ कि मिंगली क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के एक गश्ती दल पर कुछ उग्रवादियों ने गोलियां चलाई । 36 अधिकारियों/कार्मिकों का एक कमान्डो दल (कांस्टेबल अश्वनी कुमार सहित) तीन वाहनों में तत्काल मिंगली की ओर रवाना हुआ । जब पार्टी मोहल्ला छानखन के नजदीक पहुंची तो 3-4 संदिग्ध व्यक्तियों को गलियों में भागते हुए देखा गया । कमांडो पार्टी के प्रभारी अधिकारी ने एस्कोर्ट पार्टी को संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा करने और पकड़ने का आदेश दिया । कांस्टेबल अश्वनी कुमार और अन्य, तत्काल वाहन से कूद पड़े और उन्होंने उग्रवादियों का पीछा किया । पीछा करते हुए, सीमा सुरक्षा बल की पार्टी पर उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी की । पार्टी ने भी आत्म-रक्षा में गोलीबारी की । कांस्टेबल अश्वनी कुमार ने, जो पीछा करते हुए और लोगों से आगे बढ़ रहे थे, एक उग्रवादी को देखा जो एक आड़ में से सीमा सुरक्षा बल पर गोलियां चला रहा था । श्री कुमार ने उग्रवादी को उलझाए रखा लेकिन उनका मोर्चा ठीक स्थान पर नहीं था । अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह न करते हुए वे शीघ्रता से अनुकूल मोर्चे की ओर बढ़े और अपनी एम० एल० आर० से तेजी से गोलियां चलाते हुए उन्होंने उग्रवादी को मार गिराया तभी अन्य उग्रवादियों की एक गोली श्री कुमार के सिर पर लगी और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । इस प्रकार से उन्होंने बल की परम्परा को बनाए रखते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया । दोनों ओर से हो रही गोलीबारी के दौरान, एक और उग्रवादी मारा गया । बाद में मृतक उग्रवादियों की शिनाख्त शौकत अहमद (हिज़ब-उल-मुजाहिद्दीन का स्वयंभू बटालियन कमांडर) और अफगान राष्ट्रिक बदर का भाई (हिज़ब-उल-मुज्जाहिद्दीन ग्रुप का विस्फोटक विशेषज्ञ, अनुदेशक) के रूप में की गयी तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक ए० के०–47 राईफल, 5 मैगजीनें और एक छड़ी हथगोला बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में कांस्टेबल अश्वनी कुमार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 30-3-1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 183-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एम० एस० चौहान,
उप-कमांडेंट,
82वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

कुछ सूचना प्राप्त होने पर 9-11-92 को सौरा में (अवान्ते भवन), सीमा सुरक्षा बल द्वारा श्री एम० एस० चौहान, उप-कमांडेंट के नेतृत्व में एक संयुक्त सी० ए० टी० अभियान आयोजित किया गया । जब पार्टी लगभग 1100

बजे इलाहीबाग से बगत-ए-सौरा की तरफ जा रही थी तो सी० ए० टी० ने एक उग्रवादी को देखा जो एक मकान के अन्दर जा रहा था और सीमा सुरक्षा बल के कुछ कार्मिकों ने उसे गिरफ्तार करने के लिए उसका पीछा किया तथापि उग्रवादी घर के अन्दर प्रवेश करने में सफल हो गया। जब सीमा सुरक्षा बल की पार्टी ने घर के निवासियों को बाहर निकालने का प्रयास किया तो, भारी संख्या में घर के अन्दर और आस-पास के मकानों में छिपे उग्रवादियों ने उन पर भारी गोली बारी की, जिसमें हथगोलों और यू० एम० जी० का प्रयोग भी किया गया। इसके परिणामस्वरूप सीमा सुरक्षा बल के कुछ कार्मिक जख्मी हो गए और उनके वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। श्री एम० एस० चौहान ने तुरन्त अत्यधिक सतर्कता और सूझबूझ से कार्य किया और उग्रवादियों द्वारा सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ियों पर फैंके गए एक हथगोले को जो फटने ही वाला था, उठाया और शीघ्र ही वापस आतंकवादियों पर फैंक दिया, जिससे उन्होंने अपने आदमियों की बहुमूल्य जानें बचायीं। उग्रवादियों पर वापस फैंका गया हथगोला फट गया और इससे उग्रवादियों का विरोध खत्म हो गया। इस कार्यवाही के प्रभारी अधिकारी ने कुमुक के लिए संदेह भेजा। सूबेदार मेहमा सिंह, जो कमान्डों का प्रभारी था, अपने कार्मिकों के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के लिए परिसर के अन्दर जाने के लिए स्वयं आगे आए। वे अपने कार्मिकों के साथ, उग्रवादियों द्वारा उन पर की जा रही भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए तथा अपने जीवन के लिए उत्पन्न भारी खतरे के बावजूद घर में छिपे और एक उग्रवादी को मारने तथा अन्य उग्रवादियों को घर से बाहर निकालने के लिए मजबूर करने में सफल हो गए। श्री एम० एस० चौहान, डिप्टी कमान्डेंट मेहमा सिंह, निरीक्षक और पार्टी के अन्य सदस्यों ने मकान पर भारी गोलीबारी की यह लड़ाई लगभग 5 घंटे चली और इसके परिणामस्वरूप एच० यू० एम० के प्रमख सहित 7 कुख्यात उग्रवादी मारे गए और 4 ए० के०-56 राईफलें, 16 मैगजीन और 13 राउन्ड गोला-बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री एम० एस० चौहान, उप-कमांडेंट अदम्य वीरता साहस और उच्चकोटि का कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9-11-1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 184-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मुरलीधरन नायर, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल,
172वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है।

यह सूचना प्राप्त होने पर कि कुछ आतंकवादी थाना और जिला बारामूला के अन्तर्गत बाबा ऋषि धार्मिक स्थल पर छिपे हुए हैं, सीमा सुरक्षा बल की 172वीं बटालियन के कमांडेंट के पर्यवेक्षण में 1-7-1993 को एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। कांस्टेबल मुरलीधरन नायर इस अभियान पार्टी का एक सदस्य था, जो तबीयत ठीक न होने पर भी इस कार्यवाही के लिए स्वयं आगे आये। जब घेरा डालने वाली पार्टी बाबा ऋषि धार्मिक स्थल के बैरक नं० 11 का घेरा डाल रही थी तो धार्मिक स्थल के उत्तर में पास की एक पहाड़ी पर मोर्चा सम्भाले हुए कुछ उग्रवादियों ने सुरक्षा बल पर गोलियां चलायीं। अन्दर वाली घेरा पार्टी को तत्काल बैरक नं० 11 के नजदीक पहुंचने के लिए कहा गया। कांस्टेबल मुरलीधरन नायर ने बैरक के कमरा नं० 1 में कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं और मोर्चा सम्भालने के बारे में चुपके-चुपके कमरा नं० 1 की खिड़की की तरफ बढ़े। तथापि, साथ के कमरे में छिपे उग्रवादियों की गोलियों से वे जख्मी हो गए। हालांकि कांस्टेबल मुरलीधरन नायर घातक रूप से जख्मी हो गए थे (और बाद में उन्होंने जख्मों के कारण दम तोड़ दिया), फिर भी वे अपने जीवन की परवाह न करते हुए निर्भीकता और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़े और जवाब में गोलियां चलाते हुए उस कमरे में छिपे हुए एक आतंकवादी को मार डाला। कांस्टेबल नायर को इस निर्भीक कार्यवाही से आतंकवादी चकरा गए, जिन्होंने कुछ देर के लिए गोलीबारी बन्द कर दी। टुकड़ियों ने अपने आपको पुनः संगठित किया और आगे की कार्यवाही की और उग्रवादियों को बाहर निकालने में कामयाब हो गए। जब गोलियां चलनी बन्द हो गयी तो तीन और शव बरामद हुए और जख्मी उग्रवादियों को सिविल अस्पताल ले जाते समय उनमें से 5 उग्रवादी रास्ते में ही मर गये, जिससे मारे गए उग्रवादियों की संख्या बढ़ कर 9 हो गयी। इसके अतिरिक्त घटनास्थल से निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारूद बरामद हुआ :—

(क) ए० के०-47/56 राईफलें —02
(ख) ए० के०-47/56 राईफल की मैगजीन —05
(ग) 9 एम एम० पिस्तौल की मैगजीन —01
(घ) 9 एम० एम० के सक्रिय राउन्ड —05

(क) केप के बिना छड़ी हथगोला —01

(च) विद्युत डिटोनेटर —05

इस मुठभेड़ में श्री मुरलीधरन नायर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 1-7-1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 185-प्रेज 94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान रहे हैं :—

अधिकारी का नाम और पद
श्री फाबियन टिग्गा,
सैकण्ड-इन-कमांड,
17वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।
श्री जसवन्त सिंह,
हैड-कांस्टेबल (आर० ओ०),
17वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

4-7-1993 को लगभग 0900 बजे, थाना सौपोर, जिला बारामूला के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत गांव सागीपुरा में एक और तलाशी और घेराबन्दी अभियान चयाला गया था । सर्व/श्री टिग्गा, जसवन्त सिंह और अन्य कार्मिक घर की छत पर स्टोर-रूम की तरफ गए, जो सूखी घास से भरा हुआ था । जब उन्होंने स्टोर के नजदीक तलाशी ली तो श्री जसवन्त सिंह ने देखा कि ऐक उग्रवादी घास में छिपा हुआ है और उन्होंने श्री टिग्गा को सावधान किया लेकिन श्री टिग्गा ने मोर्चा सम्भालने से पहले उग्रवादियों ने अचानक उन पर गोली चलायी । श्री टिग्गा ने ए० के०-47 राईफल से जवाब में गोली चलायी और एक उग्रवादी मार गिराया ।

इसी बीच दूसरे उग्रवादी ने दूर से गोलियों की बौछार की, जो श्री टिग्गा की बुलेट प्रूफ जैकेट और पेट के नीचे वाले भाग में लगी, जिससे वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । श्री जसवन्त सिंह ने उग्रवादी को उलझाए रखा और उसे मार गिराया । दोनों ओर से हो रही इस गोलीबारी में श्री जसवन्त सिंह के स्कापुलर (स्कंध) पर भी गोली लगी । श्री जसवन्त सिंह और फाबियन टिग्गा को वहां से हटाया गया और उन्हें तत्काल सैनिक अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया ।

सीमा सुरक्षा बल में अन्य कार्मिक कार्यवाही करते रहे और गुलाम नबी भट्ट और बशीर अहमद नामक दो उग्रवादियों को पकड़ने में कामयाब हुए, जो दोनों जे० के० एल० एफ० गिरोह से संबंधित थे । मृतक उग्रवादियों की शिनाख्त वाहिद अहमद मीर उर्फ जहांगीर (जे० के० एल० एफ० का स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर) और नजीर अहमद दर, निवासी जिला बारामूला, के रूप में की गई । तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से 3ए० के०-56 राइफलें, ए० के०-56 की 12 मैगजीन, 314 राउन्ड गोला-बारूद और कोरडेक्स सहित आई० ई० डी० का एक सेट बरामद किया गया था ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री फाबियन टिग्गा, सैकण्ड-इन-कमांड और जसवन्त सिंह, हैड कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4-7-1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 186-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम :

श्री अजीज खान,
सहायक कमान्डेन्ट,
8वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।
श्री हेमन्त कुमार,
सहायक कमान्डेन्ट
8वीं बटालियन
सीमा सुरक्षा बल

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

ऋषिनगर क्षेत्र से उग्रवादियों को खदेड़ने के लिए, सीमा सुरक्षा बल की 8वीं बटालियन के कमान्डेन्ट श्री जी० एस० भोमिया द्वारा 26 फरवरी, 1992 को एक विशेष योजना बनायी गयी । टुकड़ियों का नेतृत्व सर्व/श्री हेमन्त कुमार और अजीज खान, सहायक कमान्डेन्ट द्वारा किया गया, जिसकी पूर्ण बागडोर श्री जी० एस० भोमिया के हाथ में थी । वे भारी हिमपात में 10 कि० मी० की दूरी को तय करने के लिए पैदल चल पड़े । वहां पहुंचने पर भोर होने से पहले गांव को घेर लिया । भोर होने पर उग्रवादियों ने गांव से सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ियों पर गोलीबारी की । श्री भोमिया, एक कमान्डो प्लाटून को लेकर स्वयं उन घरों की ओर गए जहां से उग्रवादी गोलीबारी कर रहे थे । श्री भोमिया ने मन्जूर अहमद नामक ऐक व्यक्ति को गिरफ्तार

किया, जिसकी बाद में पाक प्रशिक्षित उग्रवादी के रूप में शिनाख्त की गयी । उसकी सूचना के आधार पर एक मस्जिद से दो ए०के० राईफलें बरामद की गयी ।

प्रारम्भ में श्री अजीज खान को उत्तर-पश्चिमी दिशा को कवर करने का कार्य दिया गया था । बाद में उन्हें, उग्रवादियों को मस्जिद से भगाने का कार्य दिया गया । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वे अपने कार्मिकों के साथ तत्काल उस क्षेत्र की तरफ बढ़े और 3 ए०के०–56 राईफलों सहित, 3 उग्रवादियों को पकड़ने में सफल हुए ।

इसी बीच श्री हेमन्त कुमार ने आतंकवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के दौरान घरों की तलाशी ली और उन्हीं के प्रयासों के फलस्वरूप एक पाक प्रशिक्षित उग्रवादी गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार उग्रवादी से सूचना प्राप्त होने पर, श्री हेमन्त कुमार ने एक मस्जिद पर गोलीबारी की और 4 ए०के०–56 राइफलें और एक हथगोला बरामद किया । उन्होंने गांव चाक ऋषिनगर में छिपने के एक अन्य स्थान का पता भी लगाया और दो रोकेटों सहित, एक राकेट लाउन्चर बरामद किया । जैसे-जैसे अधिक से अधिक उग्रवादी पकड़े गए, गाँव के अन्दर से गोली चलनी बन्द हो गयी । यह मुठभेड लगभग 6 घंटे तक चली । इस मुठभेड़ में कुल 10 उग्रवादी पकड़े गए और उनसे एक राकेट लाउन्चर और दो राकेट और एक ब्रस्टर, 10 मैगजीनों और 187 गोलियों सहित 7 ए०के०–56 राईफलें, एक रिवाल्वर और एक हथगोला बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अजीज खान, सहायक कमान्डेट और हेमन्त कुमार, सहायक कमान्डेन्ट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपराणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 फरवरी, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 187–प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री सुरेन्दरपाल सिंह,
कांस्टेबल,
183वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है।

28 जनवरी, 1993 को सीमा सुरक्षा बल की 183वीं बटालियन की एक पलाटून शहर से लगभग 18 कि० मी० दूर उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र कश्तीगढ़ में गश्त के लिए रवाना हुई । गश्ती दल में एक उप-निरीक्षक और 16 अन्य कार्मिक (कांस्टेबल सुरेन्दर पाल सिंह सहित) थे । सामान्य क्षेत्र में गश्त लगाने के बाद पार्टी कश्तीगढ़ की तरफ गयी। उग्रवादियों ने एक पहाड़ी के उपर से अचानक उन पर भारी गोलीबारी की । लगभग 5–6 उग्रवादी अपने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी कर रहे थे । सीमा सुरक्षा बल की पार्टी ने तत्काल मोर्चा सम्भाला और उग्रवादियों पर जवाबी गोलियां चलायी । जब भारी गोलीबारी हो रही थी तो कांस्टेबल सुरेन्दर पाल सिंह, अपने जीवन को खतरे में डाल कर गोलियों का सामना करते हुए तेजी से आगे बढ़े और उन्होंने एक शिलाखंड के पीछे मोर्चा सम्भाला । विचलित हुए बगैर उन्होंने अपना सन्तुलन बनाए रखा और उग्रवादियों को खदेड़ने के लिए अपनी एल० एम० जी० से सुविचारित ढंग से और गोलीबारी की । उग्रवादियों ने उन पर एक हथगोला फैंका, जो फटने ही वाला था । उन्होंने तुरन्त उस हथगोले को वापस उग्रवादियों पर फैंकने की मन्शा से उठाया । इस प्रक्रिया में स्थगोला फट गया और श्री सुरेन्दर पाल सिंह का बायां हाथ विस्फोट से उड़ गया और हथगोले के टुकड़े उनके चेहरे पर और दायीं आंख पर भी लगे । गम्भीर रूप से जख्मी हो जाने के बावजूद वे उग्रवादियों पर गोलियां चलाते रहे । लगभग 25 मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी होती रही । बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया । उनका दायां हाथ काट दिया गया। उनकी दायीं आंख भी गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी ।

इस मुठभेड़ में श्री सुरेन्दर पाल सिंह कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 28 जनवरी, 1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 188–प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री ए० के० एक्का,
उप-कमांडेन्ट,
195वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 18–10–1992 को सूचना प्राप्त हुई कि श्रीनगर के तांगपुरा क्षेत्र के एक घर में कुछ उग्रवादी शरण

लिए हुए हैं । उग्रवादियों को पकड़ने के लिए श्री एम० पी० आजाद और श्री ए० के० एक्का के नेतृत्व में एक कमांडो प्लाटून को भेजा गया । दल के सदस्यों सहित श्री ए० के० एक्का ने घर को घेर लेने का कार्य अपने हाथ में लिया जबकि श्री एम० पी० आजाद सहित दल के कार्मिकों को घर के अन्दर घुस कर उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का कार्य सौंपा गया । घर को घेर लेने के बाद श्री आजाद ने उग्रवादियों को आत्मसमर्पण कर देने के लिए ललकारा परन्तु उग्रवादियों ने घर की प्रथम मंजिल से पहले दो हथ-गोले फेंके और उसके बाद भारी गोलीबारी की । भारी गोलीबारी के बावजूद श्री आजाद और कांस्टेबल हरमेश लाल घर की प्रथम मंजिल पर पहुंचने में सफल हो गए । वहां वे उग्रवादियों का पता न लगा सके क्योंकि उग्रवादी छिपने के उद्देश्य से बनाई गई एक विशेष खाई में छिपे हुए थे । अपनी निजी सुरक्षा की चिन्ता किए बगैर श्री आजाद और कांस्टेबल हरमेश लाल उस छिपने के स्थान की ओर बढ़े, जहां से गोलियां चलाई जा रही थी । अचानक श्री आजाद पर गोलियां चलाई गई जो उनके जबड़े, हाथ और छाती पर लगीं । इस प्रक्रिया में कांस्टेबल हरमेश लाल की बांई टांग में भी चोट लग गई । गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद श्री आजाद रेंगते हुए आगे बढ़े और गोली चलाकर उनमें से एक उग्रवादी को मार डाला । इस बीच, कांस्टेबल हरमेश लाल भी आगे बढ़े और एक उग्रवादी पर झपट पड़े और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया ।

2. अन्य उग्रवादी बाहर आ गए और उन्होंने श्री ए० के० एक्का की पार्टी को उलझाए रखा । श्री एक्का बिजली की तरह आगे बढ़े और गोली चलाकर उनमें से एक उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मार डाला । चौथा उग्रवादी श्री एक्का के दल द्वारा मारा गया । सर्वश्री एस० पी० आजाद और हरमेश लाल को श्रीनगर के बेस अस्पताल में ले जाया गया लेकिन श्री आजाद ने भारी घावों के कारण आपरेशन थियेटर में दम तोड़ दिया ।

3. मारे गए उग्रवादियों की पहचान (1) रियाज अहमद उर्फ हैदर अली (2) अब राशीद डर उर्फ पयाज (3) अब कयूम डर उर्फ सईद और (4) अब रहमान डर उर्फ मौलवी के रूप में की गई । तलाशी के दौरान 3 मैगजीनों सहित 2 ए०के०-56 राईफलें, एक छड बम और बड़ी मात्रा में बिना चले/खाली कारतूस घटनास्थल से बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री ए० के० एक्का, उप-कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 अक्तूबर, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

5—261GI/94

सं० 189-प्रेस/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :
श्री महादेवप्पा सज्जन,
कान्सटेबल,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई,
सी० सी० डब्ल्यू० ओ०,
धनबाद (बिहार) ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

26-27 फरवरी, 1993 की रात करीब 2 बजे पूर्वाह्न कान्सटेबल महादेवप्पा सज्जन ने घातक हथियारों से लैस 15-20 अपराधियों को श्री बी० एम० उपाध्याय, अपर मुख्य अभियन्ता, मुजौदियाह, के घर में आक्रमण करने के लिए अतिक्रमण करते हुए देखा । उनके आक्रमण को विफल करने के लिए कांसटेबल एम० सज्जन ने अकेले ही गिरोह के लोगों को ललकारा । तथापि, उस गिरोह के लोगों ने जल्द ही कान्सटेबल को काबू कर लिया । उसको रस्सी से बांध दिया गया, बुरी तरह पीटा गया और तथा अपर मुख्य अभियंता को किसी न किसी बहाने से बाहर बुलाने के लिए उसे मजबूर किया गया । कान्स्टेबल एम० सज्जन को उन्होंने तब खोला जब उसने उनकी मांग को स्वीकार कर लिया । कांस्टेबल द्वारा आवाज दिए जाने पर श्रीमती उपाध्याय जाग गईं और उन्होंने अपने शयनकक्ष की खिड़की खोली । इस अवसर पर, जब अपराधी गिरोह अधिकारी द्वारा मुख्य द्वार खोले जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे, तभी कांस्टेबल ने स्वयं को उनके चंगुल से छुड़ा लिया और शोर मचाता हुआ बंगले के प्रवेश द्वार की ओर दौड़ा । उसको घर में घुसने से रोकने के लिए उपद्रवियों ने एक देशी हथगोला फेंका जिससे उनको गंभीर चोटें लग गईं । अपने गंभीर घावों के बावजूद कांस्टेबल अपने पर्यवेक्षकों को सचेत करने के लिए के० औ० सु० बल के शिविर की ओर भागा । शिविर से कुमुक आ जाने पर डकैत भाग गए । कांस्टेबल एम० सज्जन को सिविल अस्पताल ले जाया गया और फिर वहां से विशेष इलाज के लिए केन्द्रीय अस्पताल ले जाया गया ।

इस मुठभेड़ में कांस्टेबल एम० सज्जन अपनी सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालते हुए सशस्त्र उपद्रवियों के साथ बहादुरी से लड़े और खान अधिकारी और उनके परिवार के सदस्यों और उनकी सम्पत्ति को उपद्रवियों से बचाया । स्थानीय पुलिस ने इस मामले में अब तक सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है ।

इस मुठभेड़ में श्री महादेवप्पा सज्जन, कान्स्टेबल, ने अदम्य साहस, वीरता तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप

नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 फरवरी, 1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 190—प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री दुर्गा बहादुर, (मरणोपरांत)
हैड-कांस्टेबल,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई,
तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम,
जोरहाट ।

श्री पी० अरविन्दक्षन, (मरणोपरांत)
लांस नायक,
के० औ० सु० बल इकाई,
तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम,
जोरहाट ।

श्री पी० श्री रामुलु, (मरनोपरांत)
कान्स्टेबल,
के० औ० सु० बल इकाई,
तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम,
जोरहाट ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

1 मार्च, 1993 को लांस/नायक पी० अरविन्दक्षन और कांस्टेबल पी० श्री रामुलु सहित हैड-कांस्टेबल दुर्गा बहादुर, गोला पानी, ड्रिल साईट पर तैनात थे । करीब 16.40 बजे केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिकों ने ए०के०-47 और हथगोलों से लैस 5/6 नागा आतंकवादियों की गति-विधियां देखीं । देखे जाने पर नागा विद्रोहियों ने आड ले ली और पुलिस दल पर गोली-बारी करनी शुरु कर दी । हैड-कांस्टेबल दुर्गा बहादुर के नेतृत्व में पुलिस ने जवाबी गोली-बारी की ओर इस प्रकार एक भंयकर मुठभेड़ शुरू हो गई । एक नागा विद्रोही ने हथगोला फैंक कर तेल प्रतिष्ठानों को नष्ट करने की कोशिश की लेकिन तेल परिसर को नष्ट करने से पहले उसको मार गिराया गया । मारे गए उग्रवादी की बाद में होकेतो सेमा के रूप में शिनाख्त की गई जोकि नागालैण्ड की एक घातक गैरकानूनी नैशनल सोशलिष्ट काऊंसिल का सदस्य था । नागा विद्रोही अधिक संख्या में होने और हथियारों से अच्छी तरह से लैस होने के कारण उन्होंने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के तीनों कार्मिकों को मार डाला । विद्रोहियों में से भी एक और विद्रोही भी घायल हो गया था लेकिन मुठभेड़ के दौरान एक अन्य विद्रोही द्वारा उसको अलग ले जाया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री दुर्गा बहादुर, हैड-कांस्टेबल, श्री पी० अरविन्दक्षन, लांस नायक और श्री पी० श्री रामुलु, कान्स्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 1 मार्च, 1993 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 191—प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री आर० डी० बर्मन,
कांस्टेबल,
93—बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 3 जून, 1992 को एस० एज० ओ०, रामपुरा के अधीन रामपुरा थाने के पुलिस बल सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 93वीं बटालियन की दो टुकड़ियों को जिनमें कांस्टेबल आर० डी० बर्मन भी शामिल थे, गांव जेओन्द में तलाशी लेने के लिए तैनात किया गया था । बल को दो दलों में बांट दिया गया । एक दल के० रि० पु० ब० के हैड कांस्टेबल के नेतृत्व में और दूसरा दल एस० एज० ओ० रामपुरा के नेतृत्व में था । दो युवकों को एक स्कूटर पर सवार आते देखकर पुलिस दल ने उनको रुकने का संकेत दिया । रुकने के बजाए युवकों ने स्कूटर को दांई ओर ट्यूबवैल की ओर मोड़ दिया । अन्य दो कांस्टेबलों सहित श्री आर० डी० बर्मन ने उन युवकों का पीछा करना शुरू कर दिया । पुलिस दल को अपना पीछा करते देखकर उन्होंने अपना स्कूटर वहीं छोड़ दिया और अपनी ए० के० 47 राईफलें निकालकर के० रि० पु० बल के कार्मिकों पर गोलियां चलाईं । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों ने जबाबी गोली बारी की और रामपुरा के एस० एज० ओ० को भी सतर्क कर दिया । एस० एज० ओ० उस दिशा की ओर बढ़े जिस दिशा की ओर आतंकवादी भाग रहे थे । उन्होंने उस क्षेत्र को घेर लिया और आतंकवादियों को आगे भागने से रोक दिया । आतंकवादियों ने मोर्चा सम्भाला और पुलिस दल पर गोलियां चलाईं । आतंकवादियों पर भी प्रभावकारी ढंग से गोलियां चलाई गईं । इसके फलस्वरूप, एक आतंक-वादी ने अपना मोर्चा छोड़ दिया और पास में खेत में बनी गारे की कच्ची दीवार की आड़ बना कर भागने का प्रयास किया । कांस्टेबल बर्मन ने भागते हुए आतंकवादी को देख लिया और उसका पीछा किया । भागते हुए आतंकवादी ने एक वृक्ष के पीछे अच्छी तरह से मोर्चा संभाल कर कान्स्टेबल बर्मन पर गोलियां चलाई जो बाल-बाल बचे । खेत में बनी

गारे की दीवार की आड़ लेकर कांस्टेबल बर्मन आगे बढ़े और आतंकवादी के मोर्चे के काफी निकट पहुंचे और अपनी एस० एल० आर० से भारी गोली बारी करके अंतः आतंकवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया । मारे गए आतंकवादी की बाद में के० सी० एफ० गुट के रंजीत सिंह के रूप में पहचान की गई, जो एक सूचिबद्ध आतंकवादी था, जिसके पास से एक ए० के०–47 राईफल, बिना चले और खाली कारतूसों सहित दो मैगजीनें बरामद किए गए । दूसरा आतंकवादी खेतों की आड़ में भागने में सफल हो गया ।

इस मुठभेड़ में श्री आर० डी० बर्मन, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3 जून, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 192–प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री बी० वी० रेड्डी, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल,
115वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

18 नवम्बर, 1992 को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ आतंकवादी एक हत्या करने के बाद जिला फरीदकोट के उप-खंड मुक्तसर में एक गांव के नजदीक छिपे हुए हैं । यह सूचना प्राप्त होने पर, आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और सेना का एक संयुक्त अभियान आयोजित किया गया । आतंकवादी घने कपास के खेतों में छिपे हुए थे और पंजाब पुलिस के कार्मिकों ने पहले से ही आतंकवादियों को उलझा रखा था । कपास की फसल बहुत घनी थी । पुलिस पार्टी बुलेट प्रूफ ट्रेक्टर और जिप्सी की मदद से खेतों में गयी । आतंकवादियों ने बुलेट प्रूफ जिप्सी पर गोलीबारी की और इसे गतिहीन कर दिया । स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए, वरिष्ठ अधिकारियों ने एक साथ मिलकर एक संयुक्त रणनीति तैयार की । घेरे को 4 दलों में विभाजित किया गया, जिनका नेतृत्व क्रमशः सेना की टुकड़ी, कमांडेंट, 84वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 127वीं बटालियन की एक कम्पनी के पुलिस अधीक्षक (डी०) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 115वीं बटालियन के डी० सी० ओ० द्वारा किया गया ।

घेरा डालने वाली पार्टियों को आतंकवादियों पर डाले घेरे को धीरे-धीरे कसने और आगे बढ़कर खेतों की दूरी कम करने और धीरे-धीरे आतंकवादियों के नजदीक जाने और उन्हें निष्क्रिय कर देने का निदेश दिया गया । कांस्टेबल बी० वी० रेड्डी, जो एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे, और आगे बढ़े और उन्होंने नहर के ढलान में मोर्चा सम्भाला । आदेश प्राप्त होने पर उन्होंने अपनी आड़ छोड़ दी और नहर पार करके कपास के खेतों की तरफ गए और पंजाब पुलिस के दो सहायक उप-निरीक्षकों के साथ मिल गए और घनी फसल की तरफ बढ़ने लगे । लगातार गोलीबारी होने के बावजूद वे अपनी स्थिति बदलते रहे तथा उपलब्ध आड़ लेते रहे और आगे बढ़ते रहे ।

घनी कपास की फसल के कारण, लेटकर दूर तक देखना सम्भव नहीं था और आगे बढ़ने की गति बहुत कम लेकिन नियमित थी । दो सहायक उप-निरीक्षकों के साथ कांस्टेबल बी० वी० रेड्डी जैसे ही कपास के खेतों से गुजर रहे एक नाले की तरफ बढ़ रहे थे, तो छदमावरण आतंकवादी और उसके नजदिक छिपे एक अन्य आतंकवादी ने गोलियां चलायीं । श्री रेड्डी ने देखा कि गोलियां छिपे हुए आतंकवादी की तरफ से आ रही हैं तो उन्होंने उस पर जबाबी गोलियां चलाइ और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया, जिसके कब्जे से एक असाल्ट राईफल और 5 राउन्ड सक्रिय कारतूस बरामद हुए । इस गोलीबारी में कांस्टेबल रेड्डी भी गम्भीर रूप से जख्मी हो गए लेकिन वे विचलित हुए बिना आतंकवादी की तरफ बढ़ते गए लेकिन जख्मों के कारण आगे नहीं बढ़ सके और नीचे गिर पड़े । बाद में अस्पताल में जख्मों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया दूसरे आतंकवादी को दूसरे सहायक उप-निरीक्षकों ने मार गिराया । इस मुठभेड़ में कुल 10 आतंकवादी मारे गए, जिनके शव, बड़ी मात्रा में गोला बारूद के साथ तलाशी के दौरान बरामद हुए ।

सेवा की सर्वोत्तम परम्परा को बनाए रखे हुए आतंकवादियों के साथ वीरतापूर्वक लड़ते हुए, कांस्टेबल रेड्डी ने सर्वोच्च बलिदान किया ।

इस मुठभेड़ में श्री बी० वी० रेड्डी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 नवम्बर, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 193-प्रेज/94—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुरेश कुमार रावत,
कांस्टेबल,
72वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

10-7-1990 को लगभग 7.40 बजे अपराह्न एक खूंखार आतंकवादी रावेल सिंह उर्फ फौजी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 10 लाख रु० की फिरौती के लिए बन्दूक की नोक पर, जिला पटियाला, थाना जुलकान से चावल विक्रेता का अपहरण किया ।

11-7-1990 को श्री एस० के० शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटियाला ने उस क्षेत्र में हर संभव अभियान चलाया जहां के बारे में यह अनुमान था कि आतंकवादी बंधक के साथ वहां चले गए हैं । लगभग 4.30 बजे अपराह्न जब पुलिस पार्टी आतंकवादी गिरोह की तलाश कर रही थी तो आतंकवादियों ने अपने स्वचालित शस्त्रों से उन पर गोलियां चलायी जो अपने बंधक संतोष कुमार के साथ गांव शेखूपुरा के नजदीक एक फार्म-हाऊस में शरण लिए हुए थे । यह सूचना प्राप्त होने पर श्री वी० के० कपिल, पुलिस अधीक्षक, (प्रचालक) पटियाला और अन्य पुलिस कार्मिकों (सहायक उप निरीक्षक, कुलदीप कुमार सहित) को साथ लेकर श्री एस० के० शर्मा तथा कांस्टेबल सुरेश कुमार रावत सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 72वीं बटालियन की एक कम्पनी फार्म हाऊस में पहुंची, जहां पर आतंकवादी छिपे हुए थे । पुलिस पार्टी को देखने पर आतंकवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी की । प्रारम्भ में बहुत भारी गोलीबारी हो रही थी और उस दिशा की ओर बढ़ना कठिन था जहां आतंकवादियों ने लिंक रोड के साथ-साथ जंगली घास के पीछे एक खड्डे में मजबूत मोर्चा बना रखा था । 6.30 बजे तक गोलीबारी बिना किसी परिणाम के चलती रही । उस के बाद यह निर्णय लिया गया कि आतंकवादियों के मोर्चे के नजदीक जाकर अंतिम हमला किया जाए । श्री एस० के० शर्मा, सर्व श्री वी० के० कपिल, कुलदीप कुमार और एस० के० रावत और अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना रेंगते हुए आगे बढ़े और आतंकवादियों के नजदीक पहुंचे । श्री शर्मा ने एल० एम० जी० ग्रुप के साथ मोर्चा सम्भाला और आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी की ताकि वे वहां से हिलने न पायें । आतंकवादियों ने भी पूरे जोश के साथ जवाबी गोलियां चलायीं । श्री शर्मा, सहायक उप निरीक्षक कुलदीप कुमार के साथ दाहिने तरफ से आगे बढ़े और आतंकवादियों पर गोलियां चलायीं जबकि श्री वी० के० कपिल ने, कांस्टेबल एस० के० रावत के साथ एल० एम० जी० से बांई दिशा से गोलियां चलायीं । अपने आप को चारों तरफ से घिरा हुआ पाकर आतंकवादी ग्रुप के नेता ने सबसे पहले अपहृत व्यक्ति संतोष कुमार पर गोली चलाकर उसे मार दिया । उसके बाद वह अपने साथियों द्वारा की जा रही गोलीबारी की आड़ में आगे बढ़ा और उसने श्री शर्मा पर गोलियों की बौछार कर दी । श्री शर्मा और उनके अंगरक्षक कार्मिकों ने जवाबी गोलियां चलायीं । दोनों ओर से हो रही गोलीबारी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक सहायक उप निरीक्षक और कांस्टेबल श्री एस० के० रावत जख्मी हो गये । श्री शर्मा ने अपने रिवाल्वर से जवाबी गोलियां चलायीं और उस उग्रवादी को मार गिराया । दूसरे जख्मी उग्रवादी अपने गिरोह के नेता की मौत से हतोत्साहित हो गए । जब गिरोह का नेता श्री शर्मा पर गोलियां चला रहा था तो श्री वी० के० कपिल ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अपनी सर्विस रिवाल्वर से एक आतंकवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया । गम्भीर रूप से जख्मी होने के बावजूद सहायक उप-निरीक्षक कुलदीप कुमार और कांस्टेबल रावत अपने मोर्चे से हिले नहीं और वे आतंकवादियों पर गोलियां चलाते रहे । शेष आतंकवादी अपनी जानें बचाने के लिए गोलियां चलाते हुए भागने लगे और विभिन्न दिशाओं से पुलिस कार्मिकों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी में मारे गए । मुठभेड़ लगभग 5 घंटे तक चली, जिसमें सभी 5 उग्रवादियों का सफाया हो गया, बाद में उनकी शिनाख्त (1) रावेल सिंह उर्फ फौजी, (2) कुन्दन सिंह उर्फ कुन्दू (3) अवतार सिंह उर्फ घोंघा (4) निर्मल सिंह उर्फ निम्मा और (5) गुरमेल सिंह उर्फ गेला के रूप में की गई । तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोलाबारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री सुरेश रावत, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृति भत्ता भी दिनांक 10-7-1990 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 194-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री शाम चन्द,
पुलिस उपाधीक्षक,
53वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 12.1.1991 को श्री शाम चन्द, पुलिस उपाधीक्षक, जिस समय डी० आई० जी० ओ० (प्रचालन) की

